उज्जैन
शुक्रवार
07
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-275
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ फर्जी आर्म्स लाइसेंस मामले में कांग्रेस नेता अनवर कादरी गिरफ्तार

7 ▸ विमेंस एशिया कप में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच 5 सितंबर को

## सीबीआई चार्जशीट में दावा- एनटीए एक्सपर्ट्स सवाल याद करते, होटल जाकर पर्चियों पर लिखते थे

# नीट पेपर लीक की साजिश महीनों पहले रची गई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

नीट-यूजी 2026 पेपर लीक कोई आखिरी समय की घटना नहीं थी, बल्कि इसकी साजिश परीक्षा से कई महीने पहले रची गई थी। नीट का पेपर तैयार करने के दौरान एनटीए के तीन एक्सपर्ट सवाल याद कर लेते थे, फिर होटल लौटकर उन्हें पर्चियों पर लिखते थे।

इसके बाद ये सवाल बिचौलियों और कोचिंग नेटवर्क के जरिए छात्रों तक पहुंचाए जाते थे। सीबीआई ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल 94 पेज की चार्जशीट में ये खुलासे किए हैं। चार्जशीट में तीनों एनटीए एक्सपर्ट्स सहित 13 आरोपियों के नाम हैं।

इसमें बॉटनी एक्सपर्ट्स मनीषा गुरुनाथ मंधारे, केमिस्ट्री एक्सपर्ट्स प्रह्लाद विठ्ठलराव कुलकर्णी और फिजिक्स एक्सपर्ट्स मनीषा संजय हवालदार को मुख्य आरोपी बताया है। जांच एजेंसी ने कहा है कि एनटीए एक्सपर्ट्स ने पेपर तैयार करने और मॉडरेशन के दौरान अपने पद का दुरुपयोग किया।

चार्जशीट के मुताबिक, कोचिंग संचालकों और बिचौलियों ने परीक्षा से कई महीने पहले ही एनटीए के तीनों एक्सपर्ट्स से संपर्क कर लिया था। इनके बीच लगातार बातचीत, मुलाकातों और पैसों के लेन-देन हुआ था।

### सीबीआई ने बताया- एनटीए एक्सपर्ट्स ने कैसे लीक किए सवाल

सीबीआई ने चार्जशीट में बताया कि एनटीए एक्सपर्ट्स पेपर तैयार करने और ट्रांसलेशन की प्रक्रिया के दौरान सवाल याद कर लेते थे, होटल जाकर उन्हें कागज पर लिखते थे। फिर एनसीईआरटी की किताबों में चैप्टर और पैराग्राफ मार्क कर देते थे। इसके बाद ये जानकारी बिचौलियों और कोचिंग नेटवर्क के जरिए छात्रों तक पहुंचाई जाती थी। प्राइवेट कोचिंग में छात्रों से इन्हीं लीक सवालों को हाथ से लिखवाया जाता था। सीबीआई को तलाशी के दौरान ऐसी कई हाथ से लिखी कॉपियां भी मिली हैं। जांच एजेंसी का कहना है कि यह तरीका इसलिए अपनाया गया ताकि डिजिटल सबूत न छोड़े जाएं, लेकिन छात्रों को परीक्षा में बड़ा फायदा मिल सके।

### वॉट्सएप, टेलीग्राम और पीडीएफ से भी फैला पेपर

सीबीआई ने दावा किया है कि तलाशी के दौरान मिले वॉट्सएप चैट, टेलीग्राम मैसेज, पेपर की पीडीए, फोटो और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फोरेंसिक जांच से पूरे नेटवर्क की पुष्टि हुई है। एजेंसी के मुताबिक, लीक पेपर सीधे छात्रों तक नहीं पहुंचते थे। पहले वे कई बिचौलियों के पास जाते थे। मनीषा संजय वाघमारे, धनंजय लोखंडे, शुभम मधुकर खैरनार और यश यादव इस नेटवर्क की अहम कड़ी थे, जो पेपर आगे छात्रों तक पहुंचाते थे।

### एनटीए की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल एक्सपर्ट्स की तलाशी नहीं होती थी

सीबीआई ने चार्जशीट में एनटीए की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। एजेंसी के मुताबिक, जिस सीक्रेट सेक्शन में पेपर तैयार होते थे, वहां आने-जाने वाले एक्सपर्ट्स की तलाशी नहीं ली जाती थी। चार्जशीट के अनुसार, आरोपी पीवी कुलकर्णी ने 31 मार्च से 2 अप्रैल 2026 के बीच तीन सेट यानी 135 सवालों का बैक-ट्रांसलेशन किया। इस दौरान वह सवाल याद कर बाद में होटल में लिख सकता था।

- **चार्जशीट में कोचिंग संचालक और डॉक्टर भी आरोपी-** सीबीआई ने चार्जशीट में डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल एकेडमी, पुणे के सीओओ तेजस हर्षदकुमार शाह, रेणुकाई करियर सेंटर के मैनेजिंग पार्टनर शिवराज मोटेगांवकर और सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के मालिक डॉ. मनोज भगवानराव शिरुरे को भी साजिश का हिस्सा बताया है। जांच के मुताबिक, इन लोगों ने ठळअ के बाहर पूरे नेटवर्क का संचालन किया और लीक पेपर छात्रों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उइकके मुताबिक, पेपर लीक का मकसद अवैध कमाई और कुछ कोचिंग संस्थानों के रिजल्ट बेहतर दिखाना था। चार्जशीट में कहा गया है कि एक आरोपी ने लीक पेपर मिलने के बाद अपने सर्टिफिकेट्स और साइन किया हुआ खाली चेक भी सिक्योरिटी के तौर पर दिया था। एजेंसी का दावा है कि इससे साफ होता है कि यह पूरी तरह पैसों का सौदा था।
- **13 आरोपी, 360 गवाह और 20 हजार पन्नों के दस्तावेज-** सीबीआई ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, सबूत मिटाने, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत मामला दर्ज किया है। चार्जशीट में 360 गवाह, 422 दस्तावेज और 43 भौतिक साक्ष्यों का जिक्र है। एजेंसी ने करीब 20 हजार पन्नों के दस्तावेज और सबूत राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल किए हैं। फिलहाल सभी 13 आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं।

### 92 जगह छापे, 72 अफसरों की टीम ने की जांच

- सीबीआई ने बताया कि 12 मई 2026 को एफआईआर दर्ज होने के तुरंत बाद 72 अधिकारियों और 8 साइबर फोरेंसिक विशेषज्ञों की कई टीमें बनाई गईं।
- महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली समेत कई राज्यों में 92 स्थानों पर छापेमारी की गई। इन छापों में डिजिटल डिवाइस, दस्तावेज और अन्य अहम सबूत जब्त किए गए। एजेंसी ने आरोपियों के बैंक खाते, बैंक लॉकर और एक डीमैट अकाउंट भी फ्रीज कर दिए हैं।

## कॉकरोच जनता पार्टी शुरू करेगी

# 'क्या बोलती पब्लिक' कैंपेन

### अभिजीत दीपके गांव-शहरों में युवाओं से बात करेंगे, बेरोजगारी और महंगी शिक्षा होगी मुद्दा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके सितंबर से देशभर में क्या बोलती पब्लिक अभियान शुरू करेंगे। दीपके ने गुरुवार को महाराष्ट्र के संभाजीनगर में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम गांव-शहर जाकर युवाओं से बात करेंगे। साथ ही, बेरोजगारी और महंगी शिक्षा को मुद्दा बनाएंगे।

दीपके बोले- बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है और इसे देशव्यापी मुद्दा बनाया जाएगा। हम शिक्षा सुधारों पर काम करेंगे। शिक्षा को मुनाफा कमाने का जरिया बना दिया गया है, लेकिन हम इस व्यवस्था को बदलना चाहते हैं।

नीट पेपर लीक को लेकर दीपके और उनकी पार्टी ने जंतर-मंतर पर 20 जून से 25 जुलाई तक, लगातार 36 दिनों तक धरना दिया था। 25 जुलाई को तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद सीजेपी ने धरना समाप्त करने की घोषणा की थी।

### 'क्या बोलती पब्लिक' कैंपेन

- **महंगी शिक्षा:** दीपके के मुताबिक, देश में स्कूल, कॉलेज और कोचिंग की फीस बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इसे कम करवाने के लिए और सरकारी स्कूलों में सुधार के लिए उखढ काम करेगी।
- **बेरोजगारी:** देश में बेरोजगारी को एक प्रमुख मुद्दा बनाकर इसे राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जाएगा।
- **संस्थागत जवाबदेही:** चुनाव आयोग, न्यायपालिका और मीडिया जैसी संस्थाओं में जनता का भरोसा बहाल करने के लिए दबाव बनाना।

- **सीजेपी ने नेशनल वर्किंग कमेटी के नामों की घोषणा की-** सीजेपी ने गुरुवार को नेशनल वर्किंग कमेटी के सदस्यों के नामों की घोषणा की। पार्टी ने कहा कि अगले छह महीनों में देशभर में राज्य समन्वय समितियों के साथ-साथ लोकसभा और शहर स्तर की समन्वय इकाइयों का गठन किया जाएगा।
- **अभिजीत ने कहा था- देश को प्रेशर ग्रुप की जरूरत-** बैठक के पहले दिन 5 अगस्त को दीपके ने कहा था कि देश को इस समय किसी नए राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि एक मजबूत दबाव समूह (प्रेशर ग्रुप) की जरूरत है।
- **दीपके ने कहा- सीजेपी चुनावी राजनीतिक पार्टी नहीं बनेगी-** अभिजीत दीपके ने कहा- सीजेपी कोई चुनावी राजनीतिक पार्टी नहीं बनेगी, बल्कि देश के लोकतांत्रिक संस्थानों और शासन में जवाबदेही तय करने के लिए एक मजबूत पब्लिक प्रेशर ग्रुप के रूप में काम करेगी।



## भारत ने अग्नि-4 मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

भारत ने ओडिशा के चांदीपुर के इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल टेस्ट किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस मिसाइल के सभी ऑपरेशनल और टेक्निकल पैरामीटर्स को चेक किया गया, जो पूरी तरह सफल रहे। यह टेस्ट स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड की निगरानी में किया गया। इसमें एडवांस्ड एवियोनिक्स और डिजिटल कंट्रोल सिस्टम हैं, जिनकी मदद से यह हाई एक्युरेसी के साथ 4000 किमी की रेंज तक निशाना लगा सकती है। यह भारत में बनी एक मीडियम-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है। डीआरडीओ के मुताबिक, अग्नि-4 में कई स्वदेशी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। इनमें कंपोजिट रॉकेट मोटर, डिजिटल कंट्रोल सिस्टम और हाई-परफॉर्मेंस ऑनबोर्ड कंप्यूटर शामिल हैं। इन टेक्नोलॉजी की मदद से मिसाइल की सटीकता और संचालन रेंज पहले से बेहतर हुई है।

## उज्जैन के ग्रामीण अस्पतालों में दूर होगी विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से बनी विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी को दूर करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार पहली बार 'यू कोट, वी पे' मॉडल लागू करने जा रही है। इस नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं देने के इच्छुक विशेषज्ञ चिकित्सक स्वयं अपना अपेक्षित मानदेय बताएंगे। सरकार उनकी योग्यता, अनुभव और आवश्यकता के आधार पर वेतन तय करेगी। इसके बदले डॉक्टरों को कम से कम तीन वर्ष तक ग्रामीण क्षेत्र में सेवाएं देना अनिवार्य होगा।

इस नई पहल से प्रदेश के साथ-साथ उज्जैन जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और अन्य ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थानों में वर्षों से रिक्त पड़े विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद भरने की उम्मीद बढ़ गई है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, सर्जन और फिजिशियन जैसे विशेषज्ञों की कमी के कारण मरीजों को अक्सर जिला अस्पताल या इंदौर रेफर करना पड़ता है।

प्रदेश में 10 हजार से अधिक उप स्वास्थ्य केंद्र, 1,400 से ज्यादा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 348 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 100 से अधिक सिविल अस्पताल और 52 जिला अस्पताल संचालित हैं। इसके बावजूद विशेषज्ञ चिकित्सकों के हजारों पद खाली हैं। सबसे अधिक संकट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में है, जहां प्रदेश की लगभग 72.4 प्रतिशत आबादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निर्भर है। इन केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के 1,171 स्वीकृत पदों के मुकाबले वर्तमान में केवल 75 विशेषज्ञ डॉक्टर ही कार्यरत हैं। यानी 90 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी विशेषज्ञ चिकित्सकों के 1,200 से अधिक पद खाली बताए गए हैं।

## मेटा पर अमेरिकी कोर्ट ने 9030 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

अमेरिकी राज्य न्यू मैक्सिको की अदालत ने गुरुवार को इंस्टाग्राम-फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा पर 942 मिलियन डॉलर यानी 9030 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने यह भी कहा कि प्लेटफॉर्म से युवाओं की मेंटल हेल्थ को नुकसान पहुंचा।

जुर्माने की रकम में से 420 मिलियन डॉलर यानी 3993 करोड़ रुपए युवाओं के इलाज पर खर्च होंगे। बाकी की रकम अगले 5 साल में अवेयरनेस, प्रिवेंशन, स्क्रीनिंग सर्विस पर खर्च की जाएगी। दो फेज में केस चला यह केस दो फेज में चला। पहले फेज में कोर्ट ने मेटा पर 375 मिलियन डॉलर यानी 3571 करोड़ रुपए के सिविल जुर्माना लगाने का आदेश दिया था। तब कोर्ट ने कहा था कि कोर्ट ने कहा कि कंपनी जानती थी कि प्लेटफॉर्म पर बच्चों का यौन शोषण हुआ, लेकिन इसे छिपाया।

## 40 साल बाद बोफोर्स केस बंद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

करीब 40 साल पुराने बोफोर्स घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आखिरी याचिका भी खारिज कर दी। इसके साथ ही अब यह मामला पूरी तरह खत्म हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि अब इस केस में आगे सुनवाई की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने 2005 के दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली अपील भी सुनने से मना कर दिया, जिसमें हिंदुजा ब्रदर्स और बोफोर्स कंपनी को बरी कर दिया गया था। यह मामला 1986 की उस डील से जुड़ा है, जिसमें भारत ने स्वीडन की कंपनी बोफोर्स से 1,437 करोड़ रुपए की तोपें खरीदी थीं। बाद में आरोप लगे कि इस सौदे में कमीशन दिया गया था। घोटाले के आरोप से राजीव गांधी 1989 का चुनाव हार गए थे। यह मामला 1986 में भारत सरकार और स्वीडन की कंपनी एबी बोफोर्स के बीच हुई 1,437 करोड़ रुपए की तोप खरीद डील से जुड़ा है।

## उत्तराखंड में 6 नदियां उफान पर, 132 सड़कें बंद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

उत्तराखंड में लगातार बारिश से अलकनंदा, मंदाकिनी, भागीरथी समेत छह नदियां खतरे के स्तर पर बह रही हैं। हरिद्वार-ऋषिकेश में घाट और मंदिर डूब गए हैं। देहरादून, चमोली, बागेश्वर में स्कूल बंद हैं। राज्य की 132 सड़कें और बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री नेशनल हाईवे बंद किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में भी लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। फरुर्खाबाद में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई। 33 गांवों और 40 सरकारी स्कूलों में बाढ़ का पानी घुस गया। बलिया में सरयू नदी में एक सप्ताह में अब तक 27 घर नदी में समा चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को तेज बारिश हुई। जलभराव के कारण दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर समेत कई सड़कों पर जाम लग गया।




## बाबा महाकाल के दर्शन के साथ

# 84 महादेव यात्रा का समापन

### सांसद, मुख्यमंत्री के भाई सहित कई जनप्रतिनिधि हुए शामिल, 12 वर्षों से जारी है यात्रा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुंडला के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों से निकाली जा रही 84 महादेव, नवनारायण एवं सप्तसागर दर्शन यात्रा बाबा महाकालेश्वर के दर्शन और पूजन के साथ संपन्न हो गई। दोपहिया वाहनों पर निकली इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और पुण्य लाभ अर्जित किया।

यात्रा समिति के सदस्य कैलाश बोड़ाना ने बताया कि इस यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी दोपहिया वाहनों पर शामिल हुईं। दूसरे दिन की यात्रा जैथल स्थित श्री दुधुर्रेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई थी।



**दोपहिया वाहनों पर उमड़ा आस्था का सैलाब**

### यात्रा में शामिल हुए यह गणमान्य नागरिक

इस धार्मिक यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े भाई व समाजसेवी नारायण यादव, सांसद अनिल फिरोजिया, श्री ऋण मुक्तेश्वर महादेव के गादीपति श्री महावीर नाथ जी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर देवड़ा, उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर अमरपुरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह पटेल, किशोर शर्मा, संभागीय कार्यालय मंत्री सुमेर सिंह कालूखेड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतर सिंह देवड़ा और उपाध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र सिंह अमरपुरा सहित सैकड़ों भक्तजनों ने भाग लिया। यात्रा के सकुशल संपन्न होने पर संयोजक बहादुर सिंह बोरमुंडला ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और आगामी वर्ष होने वाली यात्रा में भी धर्मप्रेमियों से सम्मिलित होने का आह्वान किया।

## पीएम मोदी युवाओं से हैंडलूम-डे मनाने की अपील की

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार रात इंस्टाग्राम पर देश के युवाओं से हैंडलूम डे पर भारत के हैंडीक्राफ्ट को बढ़ावा देने की अपील की। पीएम ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे हैंडलूम डे के बारे में बताते नजर आए। साथ ही उन्होंने यूथ इस दिन को जीआरडब्ल्यूएम ट्रेंड यानी गेट रेडी विद मी वीडियो के साथ सेलिब्रेट करने कहा। पीएम मोदी वीडियो में कह रहे हैं- साथियों, 7 अगस्त 1905 का दिन हमें भूलना नहीं है। इस दिन देश की आजादी के लिए स्वदेशी आंदोलन का प्रारंभ हुआ था। अंग्रेजों के खिलाफ देशवासियों ने बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी थी। जन-जन जुड़ गया था। अभी पिछले सप्ताह आप सभी ने फ्रेंडशिप डे मनाया। पीएम ने कहा- मैं आग्रह करता हूं, 7 अगस्त हैंडलूम डे होता है। हमें उत्साह और उमंग के साथ हैंडलूम डे मनाना है।

## सरकार बोली- हवाई ईंधन में एथेनॉल मिलाने का प्लान नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार का हवाई जहाज के ईंधन में एथेनॉल मिलाने का कोई प्लान नहीं है। उन्होंने कहा कि विमान सुरक्षा को लेकर इस तरह की गलत जानकारी या अफवाहें फैलाने से हवाई यात्रियों में बेवजह डर और चिंता पैदा होती है। नायडू का यह बयान दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार पर विमान के ईंधन में एथेनॉल मिलाने की योजना का आरोप लगाया था। उड्डयन मंत्री ने साफ किया कि हवाई यात्रियों की सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## पत्रकार तेजपाल को रेप केस में 10 साल की सजा

**पणजी।** बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने गुरुवार को तहलका मैगजीन के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल को रेप केस में दोषी करार दिया। उन्हें 10 साल जेल की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि वे 2 हफ्ते में सरेंडर करें। इससे पहले मई 2021 में गोवा की ट्रायल कोर्ट ने सबूतों के अभाव में तेजपाल को बरी कर दिया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा था। मामला नवंबर 2013 का है। तहलका की महिला पत्रकार ने आरोप लगाया था कि गोवा में आयोजित थिंक फेस्ट के दौरान 7 और 8 नवंबर की रात होटल की लिफ्ट में तरुण तेजपाल ने दो बार उनका यौन उत्पीड़न किया। हाईकोर्ट के फैसले पर तेजपाल ने कहा, हम फैसले से बहुत निराश हैं। हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। कुछ लोग तहलका और राजनीतिक बदले की भावना से 13 सालों से मेरे पीछे पड़े हैं।

## अमेरिका में पहली बार 'बर्थ टूरिज्म' पर रोक

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर अमेरिका में जन्म लेने वाले लोगों को नागरिकता मिलने के दायरे को सीमित करने की कोशिश की है। राष्ट्रपति ने बताया कि उन्होंने इमिग्रेशन से जुड़े दो कार्यकारी आदेश साइन किए हैं। इनमें से एक अमेरिका में पैदा होने वाले उन लोगों की संख्या को सीमित करेगा, जो यहां नागरिकता पाने के हकदार हैं। ट्रम्प ने बताया कि दूसरा आदेश 'बर्थ टूरिज्म' पर लगाम लगाने के लिए है। इसके तहत उन विदेशी पर्यटकों पर वीजा प्रतिबंध बढ़ाए जाएंगे, जो अमेरिका में आकर बच्चे को जन्म देना चाहते हैं। इससे पहले बर्थराइट सिटीजनशिप को सीमित करने की कोशिश को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था, लेकिन अब वे दोबारा इसके लिए कोशिश कर रहे हैं।

## लोन न चुकाने पर मोबाइल-लैपटॉप लॉक नहीं कर सकेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** पर्सनल, कार या होम लोन न चुकाने वाले ग्राहकों के मोबाइल और लैपटॉप बैंक बंद या डिसेबल नहीं कर सकते। रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने 6 अगस्त को यह साफ कर दिया है। बैंक सिर्फ उन्हीं मामलों में ऐसा कर सकते हैं, जहां वो डिवाइस खुद बैंक के लोन पर खरीदा गया हो। केंद्रीय बैंक का यह कदम ग्राहकों को मिलने वाली धमकियों, प्राइवेसी के उल्लंघन और रिकवरी के नाम पर होने वाली प्रताड़ना को रोकने के लिए उठाया गया है। रिजर्व बैंक ने साफ किया है कि कोई भी बैंक या वित्तीय संस्थान पर्सनल लोन, होम लोन या कार लोन की वसूली के लिए कर्जदार के मोबाइल फोन, लैपटॉप या टैबलेट को सॉफ्टवेयर की मदद से लॉक या डिसेबल नहीं कर सकता।

## हूती विद्रोहियों का यमन में मिसाइल और ड्रोन अटैक, 30 सैनिकों की मौत

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ जारी जंग जल्द खत्म हो सकती है। उन्होंने कहा कि बातचीत आगे बढ़ रही है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान के साथ संघर्ष अब ज्यादा लंबा चलेगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका के पास हथियारों की कोई कमी नहीं है और जरूरत के मुताबिक नए हथियार लगातार बनाए जा रहे हैं। उधर, यमन की सेना ने बताया कि हूती विद्रोहियों ने बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, जिसमें 30 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए।

## खबर एक नजर...

### युवक कांग्रेस का प्रदर्शन पीएम के पोस्टरों पर चिपकाया 'मोदी ने मरवा दिया'

**उज्जैन।** दिल्ली में छात्रों के साथ हुई घटना को लेकर उज्जैन जिला युवक कांग्रेस ने शहर भर में प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के निर्देश और जिलाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पेट्रोल पंप सहित जिले भर में अनेक स्थानों पर लगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बैनर और पोस्टरों पर विवादित पोस्टर चिपकाए। युवक कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के पोस्टरों पर उनके चेहरे को ढंकते हुए जो पोस्टर चस्पा किए, उन पर मोदी ने मरवा दिया, संघी बूमर्स ने जेनजी को मरवा दिया और जेनजी से डर गया बूमर मोदी जैसे नारे लिखे हुए थे। विरोध दर्ज कराते हुए प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दिल्ली में छात्रों के साथ बर्बरता हुई है और आज पूरा देश कह रहा है कि बच्चों का हत्यारा प्रधानमंत्री है। इस प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से जिला महासचिव संदीप पवार, अश्विन मावरी, बंटी भाई, योगेश, सागर गुर्जर, यशराज चावड़ा, कुलदीप एवं उज्जैन युवक कांग्रेस के समस्त साथी उपस्थित थे।

### महिला कांग्रेस सेवादल में रोशनी नामदेव ग्रामीण और सीमा पटेल बनीं शहर अध्यक्ष

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल ने मध्य प्रदेश महिला सेवादल के संगठनात्मक ढांचे में बदलाव करते हुए 13 नई जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। इसमें उज्जैन से रोशनी आदित्य नामदेव को ग्रामीण जिलाध्यक्ष और सीमा पटेल को शहर अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन की मजबूती, महिला नेतृत्व के विस्तार और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में इसे एक अहम कदम माना जा रहा है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि नई टीम अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को नई दिशा और गति प्रदान करेगी। पार्टी का मानना है कि इन नियुक्तियों से सेवा, समर्पण और संघर्ष की परंपरा सशक्त होगी और जिले में महिला सेवादल नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर बूथ स्तर तक मजबूत होगा।

### महिला सशक्तीकरण के लिए 8 व 9 अगस्त को सजेगा सक्षम हस्तशिल्प मेला

**उज्जैन।** महिलाओं को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा 8 और 9 अगस्त को रंग महल धर्मशाला में दो दिवसीय सक्षम हस्तशिल्प मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समाज द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं और इसी कड़ी में इस मेले का आयोजन किया गया है। आध्यात्मिक और रोजगार महिला इकाई की महामंत्री समीक्षा नवीन व्यास ने बताया कि मेले में एक ही स्थान पर हस्त निर्मित राखी, भगवान की पोशाक, ज्वेलरी, गोबर से निर्मित गिफ्ट आइटम, रेजिन से बनी गिफ्ट आइटम, सूट, साड़ी, पापड़, मसाले और चिप्स जैसी विभिन्न सामग्रियां उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही यहां एक फूड जोन भी होगा। आयोजकों ने शहरवासियों से महिला सशक्तीकरण के इस सार्थक प्रयास को सफल बनाने के लिए मेले में आवश्यक रूप से पधारने का अनुरोध किया है।

### हरसिद्धि मंदिर में भक्त के 16 लाख के गुप्त दान से लगे टीन शेड और स्टील बैरिकेड्स

**उज्जैन।** देश के 51 शक्तिपीठों में से एक और सम्राट विक्रमादित्य की कुलदेवी माँ हरसिद्धि के मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अहम इंतजाम किए गए हैं। दर्शनार्थियों को भीषण गर्मी और बारिश से बचाने के लिए मंदिर परिसर में करीब 16 लाख रुपए की लागत से तीन टीन शेड और स्टील की जिग-जैग बैरिकेडिंग लगाई गई है। खास बात यह है कि यह पूरा कार्य श्रद्धालुओं द्वारा किए गए गुप्त दान से जनसहयोग के माध्यम से संपन्न हुआ है। कलेक्टर के निर्देश और मंदिर के सहायक प्रशासक इंद्रेश लोधी के मार्गदर्शन में यह व्यवस्था लागू की गई है। मंदिर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, धूप और बारिश से बचाव के लिए करीब 7 से 8 लाख रुपए की लागत से तीन शेड का निर्माण किया गया है। वहीं, भीड़ को नियंत्रित करने और कतारबद्ध दर्शन के लिए 8 से 9 लाख रुपए की लागत से स्टील के जिग-जैग बैरिकेड्स लगाए गए हैं। नई व्यवस्था से अब भक्तों को दर्शन करने में आसानी हो रही है।

### सरहद के प्रहरियों को भेजी राखियां और मिठाइयां

**उज्जैन।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भारतीय जैन संघठना द्वारा देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों को राखियां और मिठाइयां भेजकर उनके प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त की गई। संगठन की महिला पदाधिकारियों और सदस्यों ने देश के रक्षकों को रक्षासूत्र भेजकर उनके स्वस्थ और उज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जैन संघठना की शहर अध्यक्ष मनीषा ओरा, स्टेट प्रेसिडेंट साशा जैन, राज्य उपाध्यक्ष ओम जैन, जिला अध्यक्ष कल्पना सुराना, मनीषा सुराना और नीता जैन सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए शामिल हुए।

## इंजीनियरिंग कॉलेज के हीरक जयंती समारोह का आगाज, 18 से 20 दिसंबर 2026 तक होगा मुख्य समारोह




# पूर्व छात्रों ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज में एल्यूमिनी एसोसिएशन के आह्वान पर कॉलेज की हीरक जयंती समारोह का शुभारंभ किया गया। एल्यूमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल भूतड़ा ने बताया कि हीरक जयंती का मुख्य समारोह 18-19 और 20 दिसंबर 2026 को प्रस्तावित है। शुभारंभ के अवसर पर एल्यूमिनी एसोसिएशन द्वारा कॉलेज परिसर में 60 फलदार और छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस मौके पर एसोसिएशन ने कॉलेज प्रशासन को हीरक जयंती का प्रतीक चिन्ह लोगो भी समर्पित किया।

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम में वर्ष 1966 और 1967 के प्रथम व द्वितीय बैच के पूर्व छात्रों ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें सफल इंजीनियर बनने का आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन, तकनीकी ज्ञान, व्यवहारिक कौशल, नवाचार, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया। विद्यार्थियों को निरंतर सीखने,




नई तकनीकों को अपनाने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया गया। इस दौरान हेमराज राठौर, मदन मोहन सिंहल, राजेन्द्र प्रसाद गौतम तथा शोभा खन्ना ने छात्रों को संबोधित किया। राजेश चौऋषि ने आनंदित रहने के लिए अपने अनुभव साझा किए तथा एक सुंदर गीत की प्रस्तुति दी।

एल्यूमिनी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि महाविद्यालय के हीरक जयंती वर्ष 1966-2026 के अंतर्गत साल भर विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक और पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण और नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में पूर्व छात्र मौजूद रहे। महाविद्यालय प्रशासन ने पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए उनके अनुभव और मार्गदर्शन को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रथम बैच वर्ष 1966 के पूर्व छात्र हेमराज राठौर, राज बहादुर मेहता, रविन्द्र जैन, अभय जैन, विजय विजयवर्गीय, सुरेश थोरा, निर्मल कपूर, दीपक पहावा, द्वितीय बैच वर्ष 1967 के मदन मोहन सिंहल, शशी बेजल, अशोक गुलजकर एवं अन्य पूर्व छात्र राजेन्द्र प्रसाद गौतम वर्ष 1970, शोभा खन्ना वर्ष 1973, राजेश चौऋषि वर्ष 1974, कोमल भूतड़ा वर्ष 1977, सुरेश वर्मा वर्ष 1986, दीपक दाहिमा वर्ष 2006 और कपिल मालवीय वर्ष 2019 उपस्थित रहे।

## मंछामन मल्टी हादसे पर कांग्रेस का अल्टीमेटम, 50 लाख मुआवजे की मांग

### नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने अधीक्षण यंत्री को लिखा पत्र, मजदूरों की सुरक्षा ताक पर रखने और श्रम नियमों के उल्लंघन का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर पालिक निगम द्वारा मंछामन में बनवाई जा रही आवासीय मल्टी में मजदूर की मौत के मामले में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने निर्माण एजेंसी लीना इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड जयपुर के खिलाफ संबंधित थाना क्षेत्र में प्रकरण दर्ज करने और मृतक के परिवार को एजेंसी के बिल से 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस पार्षदों के साथ निगम गेट पर धरने की चेतावनी दी गई है।

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने अधीक्षण यंत्री को लिखे पत्र में बताया कि 5 अगस्त 2026 को निमार्णाधीन मंछामन मल्टी की चौथी मंजिल से गिरकर 21 वर्षीय मजदूर बबलू पिता गुलाब की मौत हो गई थी। उन्होंने घटना पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा श्रम नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है और श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण भी प्रदान नहीं किए गए। उन्होंने जानकारी मांगी है कि संबंधी फर्म श्रम विभाग उज्जैन में पंजीकृत है या नहीं, मृतक श्रमिक का नाम और उपस्थिति रजिस्टर की प्रति श्रम विभाग में प्रस्तुत की गई थी या नहीं। इसके साथ ही मृतक का प्रोविडेंट फंड और ईएसआई का नंबर तथा ठेकेदार कंपनी द्वारा अंशदान जमा करने की स्थिति भी स्पष्ट करने को कहा है। उन्होंने पूछा है कि घटना के दौरान स्थल पर निर्माण एजेंसी के इंजीनियर, सुपरवाइजर, फर्स्ट एड चिकित्सा सुविधा और नगर निगम द्वारा नियुक्त कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित थे या नहीं। निगम के इंजीनियरों ने कार्यरत श्रमिकों के सुरक्षा संबंधी उपाय के लिए संबंधित कंपनी के विरुद्ध कोई कार्रवाई, सूचना पत्र या पेनल्टी निर्धारित की थी या नहीं, इसकी जानकारी भी मांगी गई है।

संभागीय मुख्यालय होने के बावजूद मजदूरों की जान जोखिम में डालने पर रोष व्यक्त करते हुए रवि राय ने कहा कि रोजी-रोटी कमाने आने वाले गरीब मजदूरों के हाथ में अंततः उनकी लाशें लौट रही हैं। अनुबंधों में श्रम नियमों का पालन अनिवार्य होने के बाद भी खुलेआम उल्लंघन हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। उन्होंने मांग की है कि दोषियों पर तत्काल कार्रवाई कर गरीब परिवार को आर्थिक सहायता और न्याय दिलाया जाए, अन्यथा मजदूर श्रमिकों के जीवन रक्षक के लिए आंदोलन करेंगे।

### डॉक्टर स्पेशल संगीतमय संध्या' आज

**उज्जैन।** शहर के कालिदास अभिरंग नाट्य गृह में शुक्रवार 7 अगस्त को सुर-ताल म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में 'डॉक्टर स्पेशल संगीतमय संध्या' का आयोजन किया जाएगा। शाम 6.30 से रात 10 बजे तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने सुरों से शाम को सजाएंगे। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि उज्जैन के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. अशोक पटेल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के निर्देशक हिर्देश आचार्य हैं तथा आयोजन के संयोजक डॉ. दिनेश सिसोदिया और डॉ. सपना शर्मा हैं।

## दिव्यांगों को बांटे गए नि:शुल्क उपकरण

### एलिम्को के सहयोग से श्रवणयंत्र, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और व्हीलचेयर का हुआ वितरण, आत्मनिर्भरता को मिलेगा बढ़ावा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से गुरुवार 6 अगस्त को आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के फिजियोथेरेपी विभाग में नि:शुल्क प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व में चिकित्सकीय रूप से जांचे गए और पात्र पाए गए लाभार्थियों को श्रवणयंत्र, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और व्हीलचेयर प्रदान किए गए।

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों ने लाभार्थियों को उपकरण सौंपे। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वीके महाडिक, डीन डॉ. शिरालकर, फिजियोथेरेपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव कुमार झा, प्रोस्थेटिक्स विभाग के डॉ. संतोष झा, एलिम्को की शैली मिश्रा और फिजियोथेरेपी विभाग के डॉ. लक्ष्मण गिडवानी के हाथों इन उपकरणों का वितरण किया गया। यह पहल अस्पताल की सामुदायिक कल्याण और पुनर्वास सेवाओं के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

## बच्चों को बांटे बैग-जूते और खिलाई मिठाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चिंतामन जावासिया निवासी मंजीलाल पटेल ने फिजूलखर्ची के बजाय समाज सेवा की अनूठी मिसाल पेश की है। सूरज गार्डन में आयोजित एक प्रेरणादायी कार्यक्रम के तहत उन्होंने अपना जन्मदिन शासकीय विद्यालय के बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने बच्चों को स्कूल बैग, जूते, स्टेशनरी और शुद्ध घी से बनी मिठाइयां भेंट कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। मंजीलाल पटेल ने बताया कि गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चों के माता-पिता मेहनत-मजदूरी कर अपना घर चलाते हैं। अक्सर गांव के आयोजनों में मिलावटी सामग्री का उपयोग होता है, जिससे इन बच्चों को शुद्ध और अच्छी मिठाइयां खाने को नहीं मिल पातीं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने संकल्प लिया था कि वे अपने जन्मदिन पर इन बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली शुद्ध सामग्री और शिक्षा के लिए जरूरी चीजें भेंट करेंगे।

### निर्मला महाविद्यालय में नए सत्र का आगाज, नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

## ज्ञान और संस्कारों की सार्थक शुरूआत है दीक्षोदय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

निर्मला महाविद्यालय एवं निर्मला शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत तीन दिवसीय दीक्षोदय कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन उद्घाटन और परिचय सत्र के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का आत्मीय स्वागत किया गया।




महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। उज्जैन डायोसिस के आर्चबिशप डॉ. सेबेस्टियन वडक्केल ने कार्यक्रम में आशीर्वचन देते हुए विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उच्च शिक्षा के इस नए सफर के लिए शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को हमेशा नैतिक मूल्यों और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में निर्मला महाविद्यालय के प्रबंधक फादर जोस कड़प्रा ने अपने संबोधन में कहा कि दीक्षोदय केवल एक स्वागत कार्यक्रम नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की एक सार्थक शुरूआत है। उन्होंने युवाओं को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए लगातार प्रयास करने की प्रेरणा दी।

**जिज्ञासा और साहस पर आधारित है संस्थान की नींव**

निर्मला महाविद्यालय के निदेशक डॉ. फादर अंटोनी जोसफ निरप्पेल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप एक ऐसे शैक्षणिक समुदाय का हिस्सा बन रहे हैं, जिसकी नींव जिज्ञासा, सहयोग और साहस पर टिकी है। महाविद्यालय विद्यार्थियों को गहराई से सोचने, स्थापित मान्यताओं पर तर्क करने और अपने दायरे से बाहर निकलकर नए अवसरों का निडरता से सामना करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संस्थान के सभी प्राध्यापक विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में हमेशा सहयोग करेंगे।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण एवं अतिथि परिचय निर्मला महाविद्यालय की प्राचार्य तथा निर्मला शिक्षा महाविद्यालय की अकादमिक निदेशक प्रो. कीर्ति डिड्डी ने दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन निर्मला शिक्षा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकुंद गोखले ने किया।

### रिटायर्ड पुलिसकर्मियों के मिलन समारोह में ताजा हुईं यादें, 70 पार के वरिष्ठों का हुआ सम्मान

## जुटे पूर्व पुलिस अधिकारी व कर्मचारी, दिवंगत साथियों को दी श्रद्धांजलि





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के चिंतामन गणेश रोड स्थित मल्होत्रा गार्डन में रिटायर्ड पुलिसकर्मी दोस्ताना ग्रुप का प्रथम मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस समारोह में पूरे मध्यप्रदेश से पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त और वर्तमान अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में दिवंगत साथियों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

ग्रुप के संयोजक रिटायर्ड टीआई विनोद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए साथियों का 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा के अनुसार सत्कार किया गया। प्रवेश द्वार पर पंडित जी द्वारा सभी को विधिवत त्रिपुंड लगाकर और मौली बांधकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात महाकाल थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह शक्तावत ने सभी साथियों को मोतियों की माला पहनाकर गर्मजोशी से अगवानी की। वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलते हुए साथियों के बीच कृष्ण-सुदामा के मिलन जैसा आत्मीय दृश्य दिखाई दिया। संयोजक विनोद शर्मा ने अपने स्वागत भाषण से सभी में उत्साह भर दिया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

समारोह के दौरान राजेंद्र बरोरे, यूएस यादव, रघुनाथ सिंह शक्तावत, प्रदीप भूरिया, राजेंद्र जाट, रामेश्वर परमार और संतोष निंबोडिया ने सदाबहार गीत, भजन, चुटकुले और शेर-शायरी प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर 70 वर्ष से अधिक आयु के पुलिसकर्मियों का मंच पर विशेष सम्मान किया गया। अंत में आभार शिवमंगल सिंह सेंगर और मदन लाल मीणा द्वारा माना गया। इसके पश्चात सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

मिलन समारोह में महाकाल थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह शक्तावत, वर्तमान क्राइम ब्रांच प्रभारी अनिल शुक्ला, डीएसपी दिनेश चौहान, टीआई मदन लाल मीणा, टीआई शिवमंगल सिंह सेंगर, रमेश मालवीय, टीआई विनोद शर्मा, गोवर्धन लाल श्रीवास्तव, टीआई रविंद्र सिंह सेंगर, सब इंस्पेक्टर अंगद प्रताप सिंह, कमल पटेल, रामप्रताप सिंह परिहार, शिवलाल पालीवाल, उज्जैन के टीआई राजेंद्र व्यास, सब इंस्पेक्टर बलराम सिंह, अर्जुन सिंह राठौड़, भगवान सिंह, अशोक सिंह, शिव मूरत यादव, अशोक सिंह कुशवाहा और योगेंद्र सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे।

## युवाओं पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने के विरोध में किया प्रदर्शन

### लोकतंत्र में आवाज उठाना अपराध नहीं, पदाधिकारियों ने पूछा किसके आदेश पर चली लाठियां




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर कथित तौर पर लाठी, डंडे और पैलेट गन के इस्तेमाल के खिलाफ उज्जैन जिला युवा कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। जिला युवा कांग्रेस सचिव रवि यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने स्टीकर लगाकर सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की युवा पीढ़ी जब अपने हकों के लिए सवाल उठाती है, तो जवाब में उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं। युवा कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि आंदोलन को कुचलने के लिए एके-47 जैसे हथियारों का खौफ भी दिखाया जा रहा है। उन्होंने तीखा सवाल किया कि लोकतंत्र में आवाज उठाना कोई अपराध नहीं है, तो फिर निहत्थे युवाओं पर बल प्रयोग करने का आदेश किस महल से निकला। इस विरोध प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद पटेल, प्रदेश महासचिव अंकित यादव विशु और प्रदेश सचिव अर्जुन नरवले प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इनके साथ ही घटिया विधानसभा अध्यक्ष शेर सिंह चौहान, अंबेडकर ब्लॉक अध्यक्ष देव कपूर, जिला महासचिव जगदीश सूर्यवंशी और राजेश बाथली सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकताओं ने स्टीकर लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया।

उज्जैन
शुक्रवार
07
अगस्त, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने के नाम पर 3.68 लाख ठगे

**इंदौर।** तुकोगंज क्षेत्र में पूर्व कोचिंग ट्रेनर ने एयरपोर्ट और इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर छात्रों से 3.68 लाख रुपए ठग लिए। फिर उन्हें फर्जी ज्वॉइनिंग लेटर दे दिए। छात्रों की शिकायत पर आरोपी वैभव मेहता के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी अमित प्रजापति, रितेश वर्मा और मनस्वी गेहलोत ने वर्ष 2024 और 2025 में निजी इंस्टिट्यूट से कोर्स किया था। आरोपी ने तीनों छात्रों से संपर्क किया। अमित को एयरपोर्ट अथॉरिटी में लाउंज सुपरवाइजर पद पर नौकरी दिलाने के लिए 2 लाख रुपए मांगे। रितेश से भी एयरपोर्ट की नौकरी के नाम पर 2 लाख रुपए और मनस्वी से इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के लिए 2.75 लाख रुपए की मांग की। झांसे में आकर अमित और रितेश ने 1.14-1.14 लाख रुपए, जबकि मनस्वी ने 1.40 लाख रुपए आरोपी को दे दिए। आरोपी ने रुपए लेने के बाद तीनों को फर्जी ज्वॉइनिंग लेटर और एनओसी दे दी।

### इंदौर में चलती बाइक से गिरकर बेहोश हुआ छात्र

**इंदौर।** इंदौर के राऊ और राजेंद्र नगर के पुलिसकर्मियों ने सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर एक बेहोश छात्र की जान बचा ली। बताया जाता है कि वह दोस्तों के साथ स्कूल से घर जाते समय रास्ते में बाइक से गिर गया था। इस दौरान भीड़ लगने पर लोगों ने एफआरवी को सूचना दी थी। राऊ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, दो छात्र गुरुवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे बैठा छात्र अचानक चलती बाइक से सड़क पर गिर गया और बेहोश हो गया। छात्र के घायल होने पर वहां भीड़ लग गई। इसी बीच कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के तहत नियमित पेट्रोलिंग कर रहे थाना राऊ के प्रधान आरक्षक बलराम चौहान तथा थाना राजेंद्र नगर के आरक्षक राहुल बोर्डिया और आरक्षक विवेक प्रजापति की नजर घटना पर पड़ी। पुलिसकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और आसपास मौजूद लोगों की मदद से छात्र को सुरक्षित स्थान पर लिटाया। छात्र की गंभीर हालत को देखते हुए प्रधान आरक्षक बलराम चौहान और आरक्षक राहुल बोर्डिया ने आमजन के सहयोग से तुरंत सीपीआर देना शुरू किया। कुछ ही देर में छात्र की सांसें सामान्य होने लगीं और उसकी स्थिति में सुधार आया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने ऑटो रिक्शा की व्यवस्था कर छात्र को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया। वहीं, उसके परिजनों तक भी जानकारी पहुंचाई।

### इंदौर में सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा घायल

**इंदौर।** इंदौर के फूटी कोठी रोड स्थित गुमास्ता नगर चौराहे पर गुरुवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका 18 वर्षीय बेटा मामूली रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। द्वारकापुरी थाना पुलिस के मुताबिक रुपेंद्र लाभंते (42) निवासी प्रजापत नगर, गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे अपने 18 वर्षीय बेटे कपिश के साथ मोटरसाइकिल से रीगल स्थित कार्यालय जा रहे थे। कपिश बाइक पर पीछे बैठा था। गुमास्ता नगर चौराहे के पास पीछे से आ रही एक सिटी बस के चालक ने सवारी बैठाने के लिए अचानक बस को बाईं ओर मोड़ दिया। इससे मोटरसाइकिल बस की चपेट में आ गई और पिता-पुत्र सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रुपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कपिश को मामूली चोटें आईं। घायल रुपेंद्र को तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे कपिश ने बताया कि उसके पिता एक वकील के कार्यालय में कार्यरत थे। वह स्वयं एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है। परिवार में एक बहन भी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवती ने दोस्त पर कराई छेड़छाड़ की एफआईआर

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने ही दोस्त के खिलाफ छेड़छाड़, पीछा करने, जान से मारने की धमकी देने और मोबाइल छीनकर ले जाने का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता और आरोपी पिछले चार वर्षों से एक-दूसरे को जानते थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, निजी लैब में काम करने वाली युवती ने शिकायत में बताया कि उसकी केतन चितले से करीब चार साल से दोस्ती थी। कुछ समय पहले उसे पता चला कि केतन ऑनलाइन सट्टा खेलने का आदी है और नशा भी करता है। इस कारण उस पर काफी कर्ज हो गया था। पीड़िता ने आर्थिक मदद भी की, लेकिन उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। युवती के अनुसार, जब उसने केतन से बातचीत बंद कर दी तो वह नौकरी पर आने-जाने के दौरान उसका पीछा करने लगा। आरोप है कि उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया और कहा कि वह उसे छोड़कर किसी और से शादी नहीं कर सकेगी। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि एक रात आरोपी लैब के बाहर पहुंच गया और गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसने धक्का देकर कार्यालय के अंदर से उसका मोबाइल उठा लिया और अपने साथ ले गया। घटना की जानकारी परिजनों को देने के बाद पीड़िता ने जूनी इंदौर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उधर, अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने भी 26 वर्षीय युवती की शिकायत पर सीमित पुत्र संतोष कुमावत, निवासी छोटी ग्वालटोली, के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

फर्जी सकुर्लेशन और विज्ञापनों से आय दिखाने का आरोप, हाई कोर्ट में दायर याचिका वापस लेने के हुई खारिज


## दबंग दुनिया पब्लिकेशन पर 48 करोड़ की जीएसटी रिकवरी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

दबंग दुनिया पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सेंट्रल जीएसटी विभाग के जॉइंट कमिश्नर योगेश पांडुरंग ने कंपनी के खिलाफ करीब 48 करोड़ रुपए की कर देनदारी (रिकवरी) तय करते हुए आदेश जारी किया है।

सके साथ ही 75 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। विभाग ने आदेश में फर्जी सकुर्लेशन और कथित फर्जी विज्ञापनों के माध्यम से आय दशार्ने का आरोप लगाया है।

बताया गया है कि इस आदेश को चुनौती देते हुए कंपनी ने इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन बाद में याचिका वापस ले ली गई। इसके बाद हाईकोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी।



**फर्जी सकुर्लेशन और विज्ञापनों का आरोप-** जीएसटी विभाग के आदेश के अनुसार डीडीपीएल ने वास्तविक संख्या से पांच से आठ गुना अधिक अखबार का सकुर्लेशन दशार्ते हुए 5.73 करोड़ रुपये की आय दिखाई। इसके अलावा कथित फर्जी विज्ञापनों के जरिए 5.93 करोड़ रुपये की आय बताई हई। इस तरह दोनों मदों में कुल 11.66 करोड़ रुपए की आय दिखाने का उल्लेख आदेश में किया गया है।

इसी आधार पर विभाग ने 3.68 करोड़ रुपये जीएसटी, 65 लाख रुपये सेस और 44.50 करोड़ रुपये सेस-2 सहित कुल लगभग 48 करोड़ रुपये की देनदारी निर्धारित की है। यह कार्रवाई केंद्रीय एवं राज्य जीएसटी अधिनियम की धारा 122(2)(बी) तथा राज्यों को क्षतिपूर्ति अधिनियम-2017 की धारा 11 के तहत की गई है।

**कर्मचारियों की भूमिका का भी जिक्र-** आदेश में दबंग दुनिया के एक क्राइम रिपोर्टर के नाम पर कथित फर्जी फर्म संचालित होने, एक कर्मचारी को दूसरी कंपनी में डायरेक्टर बनाए जाने तथा एक अन्य कर्मचारी के जरिए कथित फर्जी पते पर कंपनी पंजीकृत कराने का उल्लेख किया गया है। विभाग ने कर सलाहकार के रूप में कार्य करने वाले एक व्यक्ति को भी संस्थान का वेतनभोगी कर्मचारी बताया है।

**संस्थान की दलील खारिज-** डीडीपीएल की ओर से विभाग के समक्ष यह दलील दी गई थी कि यदि किसी कर्मचारी या रिपोर्टर ने व्यक्तिगत स्तर पर कोई कार्य किया है तो उसके लिए संस्थान जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। हालांकि, जीएसटी विभाग ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया। आदेश में कहा गया है कि उपलब्ध दस्तावेजों, कर्मचारियों की भूमिका और संबंधित कंपनियों के बीच कथित संबंधों को देखते हुए संस्थान अपनी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकता।

**पहले भी हजारों करोड़ की डिमांड-** सेंट्रल जीएसटी विभाग के अनुसार, किशोर वाधवानी तथा उनसे जुड़ी विभिन्न कंपनियों और अन्य पक्षकारों पर पहले से करीब 1,946 करोड़ रुपये की कर मांग लंबित है। इसमें 151.54 करोड़ रुपये जीएसटी और 1,794.54 करोड़ रुपये सेस शामिल है। डीडीपीएल के खिलाफ जारी यह आदेश उसी कार्रवाई का हिस्सा माना जा रहा है।

### ऐलोरा टोबेको से संबंध होने का दावा

आदेश में यह भी दावा किया गया है कि ऊऊद्धछ और ईटीसीएल (ऐलोरा टोबेको) के बीच कारोबारी संबंध थे। विभाग के अनुसार दोनों संस्थाएं कथित रूप से एक ही नियंत्रण में संचालित हो रही थीं और डीडीपीएल का उपयोग ऐलोरा टोबेको की गतिविधियों के एक हिस्से को व्यवस्थित करने तथा आय को छिपाने के लिए किया गया।

आदेश में यह भी कहा गया है कि अखबार के कुछ कर्मचारियों और रिपोर्टरों के नाम पर कथित फर्जी कंपनियां संचालित की गईं। साथ ही अखबार के वाहनों और प्रेस कार्ड का इस्तेमाल भी कथित रूप से अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में किए जाने का उल्लेख किया गया है।

---

पॉकेट गवाह कांड : 25 से ज्यादा पुलिसकर्मियों पर जांच है लंबित

## वर्मा को तीन वर्ष के लिए टीआई से डिमोट कर एसआई बना दिया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर के चर्चित पॉकेट गवाह मामले में फंसे खजराना थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी (टीआई) दिनेश वर्मा पर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बड़ी विभागीय कार्रवाई की है। वर्मा को पद का दुरुपयोग करने का दोषी पाते हुए तीन वर्ष के लिए टीआई से पदावनत (डिमोट) कर उप निरीक्षक (एसआई) बना दिया गया है। वे वर्तमान में राज्य साइबर सेल में पदस्थ हैं। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के कार्यकाल में इससे पहले भी निरीक्षक रवींद्र सिंह गुर्जर और अजय वर्मा को पदावनत किया जा चुका है।

**जांच में आरोपियों को अप्रत्यक्ष लाभ मिलने की बात कही गई-** विभागीय जांच के अनुसार, अगस्त 2020 से अगस्त 2023 तक खजराना में पदस्थापना के दौरान वर्मा के कार्यकाल में दो ही व्यक्तियों- इरशाद को 742 प्रकरणों और नवीन चौहान को 504 प्रकरणों में पंच व गवाह बनाया गया। इनमें हत्या, दुष्कर्म, पॉक्सो, एनडीपीएस और धोखाधड़ी जैसे 333 अति-संवेदनशील मामले शामिल थे।



कई जब्ती पंचनामों पर दोनों के हस्ताक्षर मिले, वहीं एक मामले में विवेचक द्वारा फर्जी हस्ताक्षर किए जाने की बात भी सामने आई, जिससे आरोपियों को अप्रत्यक्ष लाभ मिलने की बात कही गई है।

**थानों के चर्चित पॉकेट गवाह और लंबित जांचें-** 25 से ज्यादा पुलिसकर्मियों पर जांच अटकी : कमिश्नरेट में नकली पट्टा कांड, रिश्वत कांड और कॉल रिकॉर्डिंग चोरी जैसे गंभीर मामलों में 2-3 टीआई सहित 25 से अधिक पुलिसकर्मियों की जांच फाइलें महीनों से लंबित पड़ी हैं।

**विभागीय चर्चा :** महकमे में दिनभर चर्चा रही कि पॉकेट गवाह मामले में चंदन नगर के तत्कालीन टीआई इंद्रमणि पटेल का नाम भी था, लेकिन कार्रवाई केवल दिनेश वर्मा पर हुई।

**शहर के प्रमुख थानों के चर्चित गवाह :** विजय नगर (मुकेश चायवाला, हरीश, शुभम, अमित), एमआईजी (दीपक, अरुण), परदेशीपुरा (संदीप, एंटोनी, सुनील), चंदन नगर (गफ्फार, सलमान कुरैशी, आमिर रंगरेज), अन्नपूर्णा (विक्की, पिंटू, उत्कर्ष), द्वारकापुरी (मुकेश श्रीवास, मोहन हटकर), भंवरकुआं (संदीप) और जूनी इंदौर (अय्यूब सिराज)।

### कोर्ट के निर्देश के बाद भी नहीं बनी एसओपी

चंदन नगर के तत्कालीन टीआई इंद्रमणि पटेल का मामला उजागर होने के बाद हाई कोर्ट ने प्रदेशभर में पॉकेट गवाह बनाने की प्रथा रोकने के लिए अधिकारियों को एसओपी बनाने के निर्देश दिए थे। इसमें तय होना था कि एक व्यक्ति कितने और किस तरह के केस में गवाह बन सकता है। कमेटी का गठन तो हुआ, लेकिन अब तक कोई एसओपी जारी नहीं की गई।

---

## नशा सुंघाकर जेवर लूटने के मामले में अहम सुराग मिले

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

चंदन नगर क्षेत्र में महिला को बातों में उलझाकर नशा सुंघाने और जेवर लूटने के मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज और उनके आने-जाने के रास्तों की जानकारी जुटा ली है। अब संदिग्धों की लोकेशन के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस को इस वारदात में महाराष्ट्र के सक्रिय ठग गिरोह के शामिल होने की आशंका है।

पीड़िता केसर मनावरे 2 अगस्त को चंदन नगर थाने पहुंची थीं। पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। शुरूआती तीन दिनों तक पुलिस ने लगातार क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और महिला द्वारा बताए गए पूरे रूट की पड़ताल की। अब तकनीकी साक्ष्यों और लोकेशन के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। केसर मनावरे ने पुलिस को बताया कि वह चंदू वाले रोड से गुजर रही थीं। इसी दौरान गोसिया मस्जिद के पास दो युवकों ने उन्हें रोककर देवास जाने का रास्ता पूछा। बातचीत के दौरान आरोपियों ने उन्हें किसी नशीले पदार्थ की गंध सुंघा दी, जिससे वह कुछ देर के लिए बेसुध जैसी हो गईं। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने उनके कान के टॉप्स और सोने का मंगलसूत्र उतरवाकर एक पुड़िया में रखने का झांसा दिया और उसे उनकी थैली में रख दिया। इसके बाद दोनों उन्हें बातों में उलझाते हुए करीब एक किलोमीटर दूर फूटी कोठी तक ले गए। वहां से जाने से पहले उन्होंने कहा कि घर पहुंचकर थैली से पुड़िया निकाल लेना। जब महिला घर पहुंची और थैली देखी तो उसमें जेवर नहीं थे। पुलिस को आशंका है कि वारदात महाराष्ट्र के किसी सक्रिय ठग गिरोह ने अंजाम दी है। सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपी काले रंग का और कम कद का दिखाई दे रहा है, जबकि दूसरा ग्रामीण वेशभूषा में नजर आया है।

---

देवास नाका पर आज से बदलेगा ट्रैफिक रूट

## विजय नगर, सत्यसाई से मांगलिया तरफ जाने के लिए न्यू लोहा मंडी, एमआर-11 होकर गुजरें

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

देवास नाका चौराहे पर 60 करोड़ की लागत से बन रहे फ्लायओवर के निर्माण कार्य (एप्रोच रोड और गर्डर लॉन्चिंग) के लिए शुक्रवार से नया ट्रैफिक डायवर्शन लागू किया जा रहा है। निरंजनपुर मंडी के पास खालसा चौक से चौराहे तक के 400 मीटर हिस्से को अगले 2 महीने के लिए पूरी तरह ब्लॉक कर दिया गया है।

चौराहे पर जिस हिस्से में पिछले माह दुकानें हटाई गई थीं, वहां एमपीआरडीसी द्वारा एप्रोच रोड, गर्डर लॉन्चिंग, स्लैब कास्टिंग और सर्विस रोड का काम किया जाना है। फ्लायओवर की डेडलाइन खत्म हुए 5 महीने बीत चुके हैं। विजयनगर तरफ का काम लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन मांगलिया साइड का काम बाकी था। गुरुवार को पुलिस अधिकारियों ने मार्ग का दौरा कर रास्ते में खड़े ट्रकों को हटाने और खालसा चौक व चौराहे पर सांकेतिक बोर्ड (साइन बोर्ड) लगाने के निर्देश दिए हैं।

### जानिए किस रूट का इस्तेमाल करना होगा



- **विजयनगर / सत्यसाई से मांगलिया जाने वाले** : देवास नाका चौराहे से सीधे जाने के बजाय निरंजनपुर की तरफ मुड़ें, फिर न्यू लोहा मंडी रोड से होते हुए टफ्र-11 के रास्ते वापस एबी रोड पर निकलें।
- **निरंजनपुर या निपानिया से मांगलिया जाने वाले** : सीधे चौराहे पर आने के बजाय घूमकर एमआर-11 वाले रूट का इस्तेमाल कर मांगलिया या निपानिया जाएं।

**यहां कोई बदलाव नहीं (पुराना रूट चालू रहेगा)-** मांगलिया से इंदौर आने वाले वाहन सीधे आ सकेंगे। विजयनगर से निपानिया जाने वाले वाहनों का रूट भी यथावत रहेगा।

---

आईडीए ने शासन को भेजा प्रस्ताव, अगले 5 वर्षों में ट्रैफिक तीन गुना बढ़ने का अनुमान

## कनाड़िया जंक्शन डबल डेकर ब्रिज रद्द

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर बायपास पर रोज लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए कनाड़िया रोड जंक्शन पर प्रस्तावित 150 करोड़ रुपए की डबल डेकर ब्रिज परियोजना रद्द कर दी गई है। तकनीकी दिक्कतों और अधिक लागत के कारण अब इस स्थान पर 6-लेन अंडरपास बनाने की तैयारी की जा रही है।

इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने राज्य के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठऌअक) को प्रस्ताव भेजकर कार्य जल्द शुरू कराने का आग्रह किया है।

**1000 एकड़ की तीन टाउनशिप से तीन गुना बढ़ेगा ट्रैफिक-** आईडीए अधिकारियों के अनुसार, प्रस्तावित टाउनशिप,



डबल डेकर ब्रिज और अन्य विकास कार्यों के कारण भविष्य में ट्रैफिक कई गुना बढ़ेगा। डबल डेकर ब्रिज केवल एक चौराहे की समस्या हल करता, जबकि पूरे बायपास के लिए एमआर-10 जैसी फ्री-फ्लो व्यवस्था अधिक प्रभावी मानी गई है। आईडीए ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अगले 2-3 वर्षों में मौजूदा व्यवस्था पूरी तरह दबाव में आ जाएगी।

**अभी की स्थिति-** एनएचएआई द्वारा कनाड़िया और बिचौली हप्सी पर बनाए गए दो-लेन बॉक्स टाइप फ्लाईओवर 8-10 साल पुराने हो चुके हैं और ट्रैफिक के हिसाब से छोटे पड़ रहे हैं। दो-लेन स्ट्रक्चर होने के कारण सामान्य ट्रैफिक के लिए भी लंबे जाम लगते हैं। मांगलिया और देवगुराड़िया की ओर से आने वाले वाहनों के कारण सर्विस रोड पर लगातार जाम रहता है। आईडीए का सुझाव है कि इन पुराने स्ट्रक्चर में सुधार कर या नए सिरे से निर्माण कर एमआर-10 जैसी फ्री-फ्लो व्यवस्था बनाई जाए।

**50 हजार वाहनों का अतिरिक्त दबाव बढ़ सकता है-** आईडीए की तीन बड़ी परियोजनाएं-बायपास के दूसरी ओर टीपीएस-4, टीपीएस-5 और टीपीएस-9 नाम से करीब 1000 एकड़ में विकसित हो रही टाउनशिप-आने वाले समय में ट्रैफिक का दबाव काफी बढ़ाएंगी।

**सड़कों का चौड़ीकरण:** कनाड़िया और बिचौली हप्सी रोड को मास्टर प्लान के अनुसार चौड़ा किया जा रहा है, जिससे नई कॉलोनियों का ट्रैफिक सीधे इन जंक्शनों तक पहुंचेगा।

---

27 से अधिक आपराधिक मामलों का आरोपी, जम्मू-कश्मीर से फर्जी हथियार लाइसेंस बनवाने का आरोप

## फर्जी आर्म्स लाइसेंस मामले में कांग्रेस नेता अनवर कादरी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की सदर बाजार पुलिस ने गुरुवार शाम कांग्रेस नेता अनवर डकैत उर्फ अनवर कादरी को फर्जी आर्म्स लाइसेंस मामले में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इस प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ पहले से 27 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एसीपी अशोक जादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सदर बाजार क्षेत्र से अनवर कादरी को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक फरवरी 2025 में सदर बाजार थाना क्षेत्र में अवैध हथियार लेकर मारपीट करने के मामले में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। जांच के दौरान सामने आया कि जिस बंदूक का वह इस्तेमाल कर रहा था, उसका लाइसेंस फर्जी था और उसे



कथित तौर पर जम्मू-कश्मीर से तैयार कराया गया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इससे पहले बाणगंगा थाना पुलिस ने उसे एक अन्य मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन उस समय सदर बाजार पुलिस ने इस प्रकरण में उसकी गिरफ्तारी नहीं ली थी। हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद पुलिस ने फर्जी लाइसेंस मामले में उसे गिरफ्तार कर लिया।

### कई गंभीर धाराओं में दर्ज हैं प्रकरण

कादरी के खिलाफ विभिन्न धाराएं जैसे- धारा-323, 506, 392, 324, 25 आर्म्स एक्ट, 302, 307, 452, 341, 427, 64, 64(2)(एम), धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम सहित कई अन्य आपराधिक धाराओं में गंभीर प्रकरण पंजीबद्ध हैं। इन धाराओं के अलावा भी अनवर कादरी पर अनेक धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।

### यह भी रहे गंभीर आरोप

पार्षद अनवर कादरी पर गंभीर आरोप लगे हैं। मामला जून माह का है, जब एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दो युवकों ने हैरान करने वाला खुलासा किया था। उनका कहना था कि कादरी ने उन्हें पैसे दिए थे ताकि वे हिंदू महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन और वेश्यावृत्ति की ओर धकेलें। लव जिहाद फंडिंग मामले में अनवर कादरी ने पिछले अगस्त में सरेंडर किया था।

- **जानलेवा हमले पर 14 साल पहले काटी एक साल की सजा-** 2011 में कांग्रेस अनवर कादरी, उसके भाई और एक अन्य आरोपी को जानलेवा हमले के मामले में अदालत ने एक-एक साल के कारावास की सजा सुनाई थी। यह हमला 6 मई 2009 को इंदौर के आजादनगर चौराहे के पास अनवर हुसैन पर किया गया था। अनवर हुसैन आरोपियों पर चल रहे एक अन्य मामले में गवाह था। पुलिस ने कादरी समेत कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से पिस्तौल, कट्टा, तलवार और चाकू बरामद किए गए थे।
- **उज्जैन में डकैती का केस, इसी से मिला डकैत नाम-** अनवर कादरी पर 1996 में उज्जैन के महाकाल थाने में डकैती का केस दर्ज किया गया था। इसके बाद उसे अनवर डकैत के नाम से पहचाना जाने लगा। अनवर ने इंदौर में भी मारपीट, घर में घुसकर धमकाने जैसी कई घटनाओं को अंजाम दिया। अनवर कांग्रेस से तीन बार पार्षद रह चुका है। उसकी पत्नी दो बार पार्षद रही है। प्रमोद टंडन के शहर कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए अनवर को शहर कांग्रेस का महामंत्री भी नियुक्त किया गया था। उसने एक बार निर्दलीय चुनाव भी लड़ा था।

## म्युचुअल ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकेंगे टीचर

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति 2026 में चयनित उम्मीदवारों के लिए पारस्परिक (म्यूचुअल) जिला परिवर्तन की सुविधा उपलब्ध कराने का फैसला किया है। यह सुविधा उन अभ्यर्थियों के लिए शुरू की गई है, जिन्हें पारिवारिक, सामाजिक, चिकित्सीय अथवा अन्य कारणों से चयन के बाद आवंटित जिले एवं विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने या नियमित रूप से सेवाएं देने में व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि समान श्रेणी के दो चयनित अभ्यर्थी यदि आपसी सहमति से अपने आवंटित जिले (आवंटित विद्यालय सहित) का परिवर्तन करना चाहते हैं, तो वे 10 एवं 11 अगस्त 2026 को ळफ्छ पोर्टल पर पारस्परिक जिला परिवर्तन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया से किसी अन्य अभ्यर्थी के चयन, मेरिट, आरक्षण व्यवस्था या अधिकारों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। केवल आवेदन करने से जिला परिवर्तन का अधिकार स्वतः प्राप्त नहीं होगा। अंतिम निर्णय आयुक्त, लोक शिक्षण द्वारा लिया जाएगा। संचालनालय ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे इस सुविधा का उपयोग केवल वास्तविक आवश्यकता होने पर ही करें तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों और समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करें।

## 2 बच्चों संग 60 फीट गहरे कुएं में कूदी मां:तीनों के फेफड़ों में पानी भरने से घुटा दम

**बड़वानी।** मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले में एक महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ 60 फीट गहरे कुएं में छलांग लगा दी। तीनों की डूबने से मौत हो गई। बच्चों के फेफड़ों में पानी भर गया, जबकि महिला की भी पानी में दम घुटने से मौत हुई। बेटे के मुहं से खून निकल रहा था। घटना दुगानी के रामजी फलिया गांव की है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान माया (25) पत्नी प्रदीप कनोजे, 3 साल की बेटी सलोनी और डेढ़ वर्षीय बेटे अयान के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं। 7 दिन में सुसाइड का ये तीसरा मामला है। अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी। गुरुवार शाम घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण कुएं के पास पहुंच गए। सूचना पर वरला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से तीनों को कुएं से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। मां और दोनों बच्चों के शव देखकर परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव की महिलाओं की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के लोग परिजनों को संभालते नजर आए।

## दमोह-पन्ना मार्ग पर स्कॉर्पियो पलटी, चार घायल, दो रेफर

**दमोह।** दमोह-पन्ना मार्ग पर हटा थाना क्षेत्र के प्रेमपुरा गांव के पास गुरुवार रात एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घायलों को तत्काल हटा सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया था। यह दुर्घटना उस समय हुई जब चारों लोग सागर जिले के गढ़ाकोटा से टाइल्स खरीदकर वापस पन्ना जिले के सिमरिया गांव लौट रहे थे। घायलों की पहचान सिमरिया निवासी 50 वर्षीय रमेश अहिरवार, 26 वर्षीय पीयूष गुप्ता, 43 वर्षीय अशोक जैन और 48 वर्षीय कुंज बिहारी गुप्ता के रूप में हुई है। रमेश अहिरवार ने बताया कि वे सभी गढ़ाकोटा में टाइल्स खरीदने गए थे और गुरुवार रात घर लौटते समय प्रेमपुरा के समीप उनकी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान अशोक जैन और कुंज बिहारी गुप्ता की स्थिति गंभीर पाई गई, जिसके बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि घायल कुंज बिहारी गुप्ता सिमरिया से उमरी रोड पर एक मैरिज गार्डन बनवा रहे हैं। ये टाइल्स उसी मैरिज गार्डन में लगाई जानी थीं, जिसके लिए चारों लोग गढ़ाकोटा गए थे। हटा पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

## शहडोल संभाग की एंबुलेंस मरम्मत के लिए उमरिया पहुंचीं

**शहडोल।** शहडोल संभाग में संचालित 108 और जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस सेवाओं की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। उमरिया जिले के साथ-साथ शहडोल और अनूपपुर जिलों की एंबुलेंस की मरम्मत भी उमरिया में ही कराई जाती है। इन खराब वाहनों को मरम्मत के लिए 70 से 120 किलोमीटर तक की दूरी तय कर उमरिया लाना पड़ता है। इससे मरम्मत कार्य में अधिक समय लगता है, जिससे आपातकालीन सेवाओं का संचालन प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। जिला मुख्यालय स्थित नए बस स्टैंड क्षेत्र में एक निजी मैकेनिक के यहां एंबुलेंसों की मरम्मत की जा रही है। वर्तमान में शहडोल और अनूपपुर जिले की लगभग आठ एंबुलेंस मरम्मत के लिए उमरिया में खड़ी हैं।

ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि जिन वाहनों की मरम्मत चल रही है, उनकी जगह मरीजों की सेवा के लिए पर्याप्त बैकअप वाहन उपलब्ध हैं या नहीं। विशेषकर बारिश के मौसम में मरीजों की संख्या बढ़ने और हायर सेंटर के लिए एंबुलेंस की आवश्यकता होने पर यह समस्या और गंभीर हो जाती है।

# फेसलेस रजिस्ट्री में नया नियम: नहीं अटकेगा रजिस्ट्री का काम

## जहां अधिकारी खाली होगा वहीं पहुंचेगी आपकी फाइल, आम लोगों को होगा फायदा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने फेसलेस रजिस्ट्री व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और तेज बनाने के लिए नियमों में बदलाव किया है। अब प्रदेश का कोई भी सब-रजिस्ट्रार किसी भी जिले की फेसलेस रजिस्ट्री और अन्य फेसलेस दस्तावेजों का पंजीयन कर सकेगा। सरकार का उद्देश्य लंबित मामलों को कम करना, ऑनलाइन प्रक्रिया को गति देना और लोगों को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराना है।

रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-6 के तहत किए गए संशोधन के बाद पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र का विस्तार पूरे प्रदेश के सभी उपजिलों तक कर दिया गया है। हालांकि यह व्यवस्था केवल फेसलेस रजिस्ट्री और अन्य फेसलेस दस्तावेजों के पंजीयन पर लागू होगी।

फरवरी 2026 में शुरू किए गए साइबर सब-रजिस्ट्रार कार्यालय के माध्यम से अब तक प्रदेश में 10 हजार से अधिक दस्तावेजों का फेसलेस पंजीयन किया जा चुका है। अब यदि किसी जिले में कार्यभार अधिक होगा और दूसरे जिले में अपेक्षाकृत कम, तो सिस्टम के माध्यम से दस्तावेज संबंधित उपलब्ध सब-रजिस्ट्रार को भेजे जा सकेंगे, जिससे पंजीयन प्रक्रिया में तेजी आएगी। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से फेसलेस रजिस्ट्री प्रणाली अधिक पारदर्शी, तेज और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनेगी।

**आधार, वीडियो और आईडी का मिलान जरूरी-** फेसलेस रजिस्ट्री के लिए पक्षकारों को आधार नंबर देना अनिवार्य होगा। वर्चुअल प्रक्रिया के दौरान एआई सिस्टम के माध्यम से वीडियो रिकॉर्ड किया जाएगा, जिसमें पक्षकार को सिर दाएं-बाएं और ऊपर-नीचे घुमाने के निर्देश दिए जाएंगे। इसके बाद किसी एक पहचान पत्र- जैसे वोटर आईडी, पासपोर्ट, पैन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस की मांग की जाएगी। एआई सिस्टम वीडियो, आधार फोटो और आईडी के फोटो का मिलान करेगा।



### आम लोगों को क्या होगा फायदा?

रजिस्ट्री का काम पहले की तुलना में अधिक तेजी से पूरा होगा। लंबित मामलों में कमी आएगी और इंतजार का समय घटेगा। फेसलेस (ऑनलाइन) रजिस्ट्री प्रक्रिया अधिक आसान और प्रभावी होगी। लोगों को बार-बार रजिस्ट्री कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रदेश के किसी भी जिले का उपलब्ध सब-रजिस्ट्रार दस्तावेजों का पंजीयन कर सकेगा, जिससे काम रुकेगा नहीं। हलफनामा, वसीयत, रजिस्ट्री सहित अन्य फेसलेस दस्तावेजों का पंजीयन समय पर और सुविधाजनक तरीके से हो सकेगा। सरकारी संसाधनों का बेहतर उपयोग होने से लोगों को सेवाएं जल्दी मिलेंगी। जिलों में बैठकर या विदेश में बैठकर इस प्रक्रिया के माध्यम से दस्तावेज रजिस्टर्ड कराए जा सकेंगे। वाणिज्यिक कर विभाग लगातार नवाचार कर रहा है। इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। विभाग के जिन अधिकारियों ने इसके लिए काम किया है, उन्हें और टीम को वे बधाई देते हैं। रजिस्टर्ड लीज, पट्टा विलेख, प्रॉपर्टी एग्रीमेंट, प्रशासन बंध-पत्र, शपथ-पत्र, दत्तक ग्रहण से जुड़े दस्तावेज, बैंक गारंटी का नवीनीकरण, विक्रय प्रमाण-पत्र, वसीयत से जुड़े दस्तावेज, तलाक विलेख, क्षतिपूर्ति बंध पत्र, शेयर आवंटन पत्र सहित 75 दस्तावेज फेसलेस तरीके से रजिस्टर्ड किए जा सकेंगे।

### सीधी में पहाड़ी से खिसक रही मिट्टी, भूस्खलन का खतरा:

# मूसलाधार बारिश से 40 गांवों का संपर्क कटा, अधिकारी बोले- नजर रख रहे....

ब्रह्मास्त्र ›› सीधी

सीधी जिले के सोन नदी स्थित भवरसेन घाट पर शुक्रवार सुबह हुई तेज बारिश के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं। सुबह करीब 7 बजे मूसलाधार बारिश से सोन नदी का पुल पानी में डूब गया, जिससे आवागमन जोखिम भरा हो गया। इस स्थिति से सीधी मुख्यालय और रामपुर नैकिन तहसील के लगभग 40 गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ है।

लगभग 500 मीटर लंबे इस पुल पर पानी भर जाने से सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे हैं। इससे किसी भी समय बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है, जो यात्रियों और वाहन चालकों के लिए खतरा पैदा कर रहा है।

बारिश का असर केवल पुल तक ही सीमित नहीं रहा। भवरसेन पहाड़ी के किनारे बनी सड़क पर लगातार मिट्टी का कटाव और भूस्खलन का खतरा भी बढ़ गया है। पहाड़ी की तलहटी से मिट्टी और मलबा धीरे-धीरे खिसकने लगा है, जिससे यह कभी भी सड़क पर आ सकता है और मार्ग से गुजरने वालों की सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर इस मार्ग पर लोगों को वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करने की सलाह दी है। वहीं, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में ऐसी परेशानियों से बचा जा सके।



### मिट्टी खिसकने का वीडियो सामने आया

रामपुर नैकिन थाना प्रभारी सुधांसु तिवारी ने बताया कि पहाड़ी की मिट्टी लगातार खिसक रही है और इसका वीडियो भी सामने आया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे इस मार्ग से केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही गुजरें और पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कहीं मिट्टी या मलबा गिरता हुआ दिखाई दे तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। स्थानीय ग्रामीण शैलेंद्र सिंह सेंगर ने जानकारी दी कि क्षेत्र में मिट्टी का कटाव काफी तेज हो गया है। लगातार बारिश के कारण पुल के ऊपर पानी भर गया है, जिससे सड़क के गड्ढे अदृश्य हो गए हैं। ऐसे में वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

## दैगमा रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रक खराब, 7 घंटे रहा जाम



ब्रह्मास्त्र ›› उमरिया

शहडोल-उमरिया मुख्य मार्ग पर नौरोजाबाद के पास दैगमा रेलवे क्रॉसिंग पर शुक्रवार तड़के भीषण जाम लग गया। निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज के निकट खराब सड़क और गहरे गड्ढों के कारण एक ट्रक खराब हो गया, जिससे यातायात बाधित हुआ। रात करीब 2 बजे शुरू हुआ यह जाम सुबह 9 बजे तक भी पूरी तरह नहीं खुल सका। सड़क के दोनों ओर 3 से 4 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिसमें 100 से अधिक ट्रक और अन्य भारी वाहन फंसे रहे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि निमार्णाधीन ओवरब्रिज के पास सड़क की स्थिति लंबे समय से खराब है। बारिश के कारण सड़क पर पानी भर गया था, जिससे गहरे गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक में तकनीकी खराबी आ गई। उसके पीछे आ रहे दूसरे ट्रक ने बगल से निकलने का प्रयास किया, लेकिन वह भी सड़क किनारे बने गड्ढे में धंस गया। दो ट्रकों के फंसने से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नौरोजाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था संभाली। छोटे वाहनों को पाली मार्ग से मोड़ा गया, जबकि भारी वाहनों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ा। पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से फंसे ट्रकों को निकालने का प्रयास किया। हालांकि, खराब सड़क और कीचड़ के कारण बचाव कार्य में काफी कठिनाई हुई। इस जाम के कारण ट्रक चालकों और यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। कई वाहन चालक पूरी रात सड़क पर फंसे रहे। स्थानीय निवासियों के अनुसार, निमार्णाधीन ओवरब्रिज के आसपास सड़क की स्थिति लंबे समय से खराब है, और बारिश के मौसम में यहां अक्सर वाहन फंस जाते हैं।

### पिता को बताया था- सास-ससुर उकसा रहे

## फौजी ने पत्नी के सिर में गोली मारकर की हत्या

### 10 दिन पहले छुट्टी पर घर आया था पति

ब्रह्मास्त्र ›› मुरैना

मुरैना जिले में सेना के एक जवान ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी जवान 10 दिन पहले ही छुट्टी लेकर घर आया था। घटना बुधवार देर रात अंबाह थाना क्षेत्र के खजूरी रोड इलाके की है।वारदात के बाद गुरुवार सुबह मृतक के मायके वाले अंबाह थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपी के मकान पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बवाल के बाद पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी सोहन उर्फ सोनू सिकरवार ने पत्नी रानी के सिर में दो गोलियां दाग दीं। सूचना पर अंबाह पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर एफएसएल टीम ने पहुंचकर जरूरी साक्ष्य जुटाए।

रानी के मायके पक्ष का आरोप है कि परिवार के उकसाने के बाद सोहन घर से बाहर गया। बाद में शराब पीकर लौटा और पत्नी से विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर उसने रानी पर फायरिंग की। इससे रानी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



रानी के पिता रमेश तोमर ने बताया कि 2018 में बेटी की शादी सोहन उर्फ सोनू सिकरवार से हुई थी। दंपती की 6 साल की एक बेटी है। बुधवार रात करीब 9:30 बजे सोहन ने रानी को गोली मार दी। घटना की जानकारी उन्हें आधी रात को मिली, जिसके बाद वे थाने पहुंचे। रानी के पिता का आरोप है कि शुरूआत में पुलिस केवल आरोपी पति सोहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर रही थी। परिजन के विरोध और आरोपों के बाद अब उसके माता-पिता के खिलाफ भी मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

### हत्या से एक घंटे पहले रानी ने माता-पिता को किया था फोन

मृतक के माता-पिता ने पुलिस को बताया कि वारदात से करीब एक घंटे पहले रानी ने फोन किया था। उसने बताया था कि सास-ससुर उसके पति सोहन उर्फ सोनू सिकरवार को उकसा रहे हैं। सास-ससुर उससे कह रहे हैं, तू कैसा है रे, इसको गोली नहीं मार सकता?

## दबंग दुनिया पब्लिकेशन पर 48 करोड़ की जीएसटी रिकवरी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

दबंग दुनिया पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सेंट्रल जीएसटी विभाग के जॉइंट कमिश्नर योगेश पांडुरंग ने कंपनी के खिलाफ करीब 48 करोड़ रुपए की कर देनदारी (रिकवरी) तय करते हुए आदेश जारी किया है। साथ ही 75 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। विभाग ने आदेश में फर्जी सकुर्लेशन और कथित फर्जी विज्ञापनों के माध्यम से आय दशार्ने का आरोप लगाया है। बताया गया है कि इस आदेश को चुनौती देते हुए कंपनी ने इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन बाद में याचिका वापस ले ली गई। इसके बाद हाईकोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी।

जीएसटी विभाग के आदेश के अनुसार ऊ्छ्ढछ ने वास्तविक संख्या से पांच से आठ गुना अधिक अखबार का सकुर्लेशन दशार्ते हुए 5.73 करोड़ रुपये की आय दिखाई। इसके अलावा कथित फर्जी विज्ञापनों के जरिए 5.93 करोड़ रुपये की आय बताई हई। इस तरह दोनों मदों में कुल 11.66 करोड़ रुपए की आय दिखाने का उल्लेख आदेश में किया गया है। इसी आधार पर विभाग ने 3.68 करोड़ रुपये जीएसटी, 65 लाख रुपये सेस और 44.50 करोड़ रुपये सेस-2 सहित कुल लगभग 48 करोड़ रुपये की देनदारी निर्धारित की है। यह कार्रवाई केंद्रीय एवं राज्य जीएसटी अधिनियम की धारा 122(2)(बी) तथा राज्यों को क्षतिपूर्ति अधिनियम-2017 की धारा 11 के तहत की गई है। आदेश में यह भी दावा किया गया है कि ऊ्छ्ढछ और ईटीसीएल (ऐलोरा टोबेको) के बीच कारोबारी संबंध थे। विभाग के अनुसार दोनों संस्थाएं कथित रूप से एक ही नियंत्रण में संचालित हो रही थीं और डीडीपीएल का उपयोग ऐलोरा टोबेको की गतिविधियों के एक हिस्से को व्यवस्थित करने तथा आय को छिपाने के लिए किया गया। आदेश में यह भी कहा गया है कि अखबार के कुछ कर्मचारियों और रिपोर्टरों के नाम पर कथित फर्जी कंपनियां संचालित की गईं। साथ ही अखबार के वाहनों और प्रेस कार्ड का इस्तेमाल भी कथित रूप से अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में किए जाने का उल्लेख किया गया है। आदेश में दबंग दुनिया के एक क्राइम रिपोर्टर के नाम पर कथित फर्जी फर्म संचालित होने, एक कर्मचारी को दूसरी कंपनी में डायरेक्टर बनाए जाने तथा एक अन्य कर्मचारी के जरिए कथित फर्जी पते पर कंपनी पंजीकृत कराने का उल्लेख किया गया है।

## आदिवासी छात्रों के आंदोलन के बाद बीईओ का प्रभार बदला

ब्रह्मास्त्र ›› धार

तिरला स्थित शासकीय सांदीपनी हाई सेकेंडरी स्कूल में आदिवासी छात्र-छात्राओं के आंदोलन के बाद जनजातीय कार्य विभाग ने प्रशासनिक कार्रवाई की है। प्रभारी प्राचार्य सीमा मिश्रा को विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) तिरला के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। यह आदेश 6 अगस्त 2026 को जारी हुआ। उनकी जगह शैलेन्द्र त्रिवेदी, उच्च माध्यमिक शिक्षक, शासकीय उमावि आहूं को अस्थायी रूप से बीईओ का दायित्व सौंपा गया है।

इस मामले की शुरूआत तब हुई जब शासकीय सांदीपनी हाई सेकेंडरी स्कूल के 11वीं और 12वीं कक्षा के आदिवासी छात्रों ने रसायन शास्त्र शिक्षिका दीपिका शक्तावत पर गंभीर आरोप लगाए। छात्रों ने उन पर जातिगत भेदभाव, मानसिक प्रताड़ना और अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है। छात्रों के अनुसार, पिछले लगभग एक वर्ष से उनके साथ कथित तौर पर भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा था। छात्रों ने कई बार लिखित शिकायतें दी थीं और 20 जुलाई को अभिभावकों ने भी आवेदन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 28 जुलाई को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं लगभग 8 किलोमीटर पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने शिक्षिका को हटाने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। छात्रों ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य पारुल जैन को सौंपे ज्ञापन में प्रभारी प्राचार्य सीमा मिश्रा और संबंधित बीईओ पर भी आरोप लगाए।

# जबलपुर हाईकोर्ट ने कहा-वाहन चेकिंग के दौरान चाबी छीनना गलत

## पुलिसकर्मी-वकील के बीच हुआ था विवाद, मामला पहुंचा हाईकोर्ट; एसपी को उचित कार्रवाई करने निर्देश

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस और एक अधिवक्ता के बीच हुए विवाद के मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए पुलिस और वकीलों दोनों को कानून के प्रति जिम्मेदारी निभाने की नसीहत दी है। कोर्ट ने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग, वाहन की चाबी छीनना या अनावश्यक बहस करना उचित नहीं है। साथ ही जबलपुर पुलिस अधीक्षक (एसपी) को शिकायत पर विधि अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

याचिका के अनुसार 11 जुलाई 2026 को ट्रैफिक चेकिंग अभियान के दौरान अधिवक्ता को रोका गया। आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्रता की, गाली-गलौज की, मारपीट की और आपराधिक धमकी दी। घटना के बाद नाराज वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी सम्पत उपाध्याय से मुलाकात कर शिकायत सौंपी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित अधिवक्ता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि अधिवक्ता दो अन्य लोगों के साथ एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। तीन सवारी और बिना हेलमेट यात्रा करना मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन था। चालान की कार्रवाई के दौरान ही विवाद की स्थिति बनी। कोर्ट को बताया गया कि 13 जुलाई 2026 को की गई शिकायत अभी भी जबलपुर एसपी के पास विचाराधीन है और मामले की जांच शुरू हो चुकी है।

जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने कहा कि बार के सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे विधि के शासन और वैधानिक व्यवस्था का सर्वोच्च सम्मान करें। कानून की रक्षा करने वालों को स्वयं भी उसका पालन करना चाहिए, क्योंकि कानून की गरिमा शब्दों से नहीं बल्कि आचरण से बनी रहती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि पुलिस अधिकारियों का दायित्व है कि वे कानून लागू करते समय धैर्य, शिष्टाचार और संयम बनाए रखें। वाहन चेकिंग के दौरान अनावश्यक कहासुनी, अभद्र भाषा का प्रयोग या वाहन की चाबियां छीनने जैसी शिकायतें अक्सर सामने आती हैं, जो उचित नहीं हैं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता की मुख्य शिकायत उसकी शिकायत पर कार्रवाई न होने से संबंधित है। चूंकि मामला सक्षम पुलिस अधिकारी के समक्ष लंबित है और जांच जारी है, इसलिए कोर्ट ने जबलपुर एसपी को कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## सीहोर में गैस पाइपलाइन खुदाई बनी खतरा, बिना बैरिकेडिंग छोड़े गड्ढे

सीहोर शहर में गेल इंडिया कंपनी की गैस पाइपलाइन बिछाने का काम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। कई स्थानों पर खुदाई के बाद गड्ढों को खुला छोड़ दिया गया है और सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग तक नहीं की गई। बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है। पाइपलाइन बिछाने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में खुदाई की गई है, लेकिन कई स्थानों पर गड्ढे कई दिनों से खुले पड़े हैं। इनके आसपास न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही सुरक्षा के अन्य इंतजाम किए गए हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए लगातार खतरे की स्थिति बनी हुई है।

# ट्रम्प बोले- अमेरिका के पास हथियारों का बड़ा जखीरा मौजूद

## नए हथियार भी बन रहे, सीक्रेट लीक करने वालों को लंबी जेल होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका के पास हथियारों का बड़ा जखीरा मौजूद है और जरूरत के मुताबिक नए हथियार भी तेजी से तैयार किए जा रहे हैं।ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिकी रक्षा कंपनियां इतिहास में सबसे ज्यादा नए प्लांट और फैक्ट्रियां बना रही हैं।

ट्रम्प ने सेना से जुड़ी सीक्रेट जानकारियां लीक करने वालों को भी कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है। उन्हें लंबी जेल की सजा दी जाएगी। हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि वह किस सीक्रेट जानकारी लीक का जिक्र कर रहे हैं। दरअसल, कुछ अखबारों में मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से दावा किया गया है कि अमेरिकी सेना के पास हथियार तेजी से खत्म होते जा रहे हैं।




### ट्रम्प बोले- युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा, जल्द ही समझौता भी होगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा- मुझे लगता है कि युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा। मुझे नहीं लगता कि वे इसे बहुत लंबे समय तक जारी रख सकते हैं। होर्मुज को फिर से खोलने के लिए कोई समझौता हुआ है, इस सवाल पर उन्होंने कहा- ह्लमैं यह नहीं कहना चाहता कि समझौता हो गया है, लेकिन अभी यह एक तरह से खुला ही है। इस पर हमारा नियंत्रण है। मैं ईरान के साथ बातचीत में शामिल हूं। हम अच्छा काम कर रहे हैं। जल्द ही कोई समझौता हो सकता है। मोसाद के नए चीफ रोमन गोफमैन ने उन दो सीनियर अधिकारियों का काम बदल दिया है, जिन्होंने ईरान की सरकार को गिराने की एक नाकाम योजना बनाने में मदद की थी। इस योजना में कुर्दिश फोर्स को सपोर्ट करके देशभर में विद्रोह भड़काने की बात सोची गई थी, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों के इसे अव्यावहारिक मानने और दूसरी राजनीतिक रुकावटें आने के बाद इसे छोड़ दिया गया।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की सुरक्षा में चूक:हेलिकॉप्टर के पास से उड़ी कमर्शियल फ्लाइट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आधिकारिक हेलिकॉप्टर मरीन वन की उड़ान के दौरान सुरक्षा में चूक हुई है। मंगलवार को व्हाइट हाउस से उड़ान भरते समय मरीन वन और एक यात्री विमान तय सुरक्षा दूरी से ज्यादा करीब आ गए। इसके बाद अमेरिकी विमानन नियामक ऋअअ ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। ट्रम्प व्हाइट हाउस से जॉइंट बेस एंड्रूज जा रहे थे। उसी समय एनवॉय एयर का एक यात्री विमान भी रीगन वॉशिंगटन नेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भर गया। ऋअअ की शुरूआती जांच में पता चला कि दोनों विमान एक-दूसरे के सबसे करीब आने पर सिर्फ 1.3 किलोमीटर की दूरी पर थे। उनकी ऊंचाई में भी महज 700 फीट का अंतर रह गया था। अधिकारियों का कहना है कि दोनों विमान टक्कर की दिशा में नहीं थे और राष्ट्रपति की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं हुआ। वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक, मरीन वन की उड़ान के दौरान रीगन वॉशिंगटन नेशनल एयरपोर्ट से कमर्शियल उड़ानों को कुछ देर के लिए रोक दिया जाता है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। एयर ट्रैफिक कंट्रोल समय पर उड़ानें नहीं रोक सका। इसी वजह से यात्री विमान ने भी टेकऑफ कर लिया द न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, उड़ान से पहले मरीन वन के क्रू ने कंट्रोल टावर को तीन बार बताया कि हेलिकॉप्टर तीन मिनट में उड़ान भरेगा। लेकिन रेडियो पर संदेश साफ नहीं सुनाई दिया। कंट्रोलर की ओर से भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला।

## 85 दिन में छात्रा को 2 बार बेचा,पहले कोलकाता-फिर भागलपुर

**भागलपुर।** भाई की डांट से नाराज होकर घर से निकली 12वीं की एक छात्रा की जिंदगी अगले 85 दिनों में नरक बन गई। मुजफ्फरपुर जंक्शन पर अकेली बैठी छात्रा को मानव तस्करों ने अपने झांसे में लिया। पहले कोलकाता, फिर भागलपुर के रेड लाइट एरिया में बेच दिया। उसके साथ लगातार मारपीट हुई। टॉर्चर और यौन शोषण किया गया। तस्कर उसे तीसरी बार बेचने की तैयारी में थे, लेकिन इससे पहले ही मुजफ्फरपुर पुलिस ने फिल्मी अंदाज में ऑपरेशन चलाकर उसे रेड लाइट एरिया से छुड़ा लिया। गायघाट थाना क्षेत्र की रहने वाली छात्रा 10 मई को भाई की डांट से नाराज होकर घर छोड़कर निकल गई थी। दो दिन बाद उसके भाई ने अपहरण की एफआईआर दर्ज कराई। शुरूआती जांच में एक युवक पर संदेह जताया गया, लेकिन पुलिस जांच में उसकी भूमिका सामने नहीं आई। रेस्क्यू के बाद छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह मुजफ्फरपुर जंक्शन पर अकेली बैठकर रो रही थी। तभी एक युवक ने उससे सहानुभूति जताई और कोलकाता में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा दिया। भरोसा कर वह उसके साथ चली गई, लेकिन वहां पहुंचते ही उसे रेड लाइट एरिया में बेच दिया गया। पीड़िता के अनुसार, कोलकाता में विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई, कई दिनों तक भूखा रखा गया और बेहोशी की दवा देकर उसका लगातार यौन शोषण किया गया। करीब एक महीने बाद तस्करों ने उसे फिर से भागलपुर जिले के इशीपुर बरहट थाना क्षेत्र के सिवानपुर स्थित रेड लाइट एरिया में बेच दिया। यहां भी उसके साथ अत्याचार जारी रहा। अगर रेस्क्यू में कुछ और दिन देरी होती तो तस्कर उसे तीसरी जगह बेचने वाले थे।

## पीएम मोदी युवाओं से हैंडलूम-डे मनाने की अपील की

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार रात इंस्टाग्राम पर देश के युवाओं से हैंडलूम डे पर भारत के हैंडीक्राफ्ट को बढ़ावा देने की अपील की। पीएम ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे हैंडलूम डे के बारे में बताते नजर आए। साथ ही उन्होंने यूथ इस दिन को ट्रेंड यानी गेट रेडी विद मी वीडियो के साथ सेलिब्रेट करने कहा। पीएम मोदी वीडियो में कह रहे हैं- ह्यसाथियों, 7 अगस्त 1905 का दिन हमें भूलना नहीं है। इस दिन देश की आजादी के लिए स्वदेशी आंदोलन का प्रारंभ हुआ था। अंग्रेजों के खिलाफ देशवासियों ने बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी थी। जन-जन जुड़ गया था। अभी पिछले सप्ताह आप सभी ने फ्रेंडशिप डे मनाया। पीएम ने कहा- ह्यमैं आग्रह करता हूं, 7 अगस्त हैंडलूम डे होता है। हमें उत्साह और उमंग के साथ हैंडलूम डे मनाना है। हैंडलूम डे मनाने का मतलब है कि हर गरीब बुनकर परिवार, जो अपने हाथों से कपड़े बनाते हैं। घरों में लूम पर काम करते हैं। उनके काम को बढ़ावा देना।

## कॉकरोच जनता पार्टी शुरू करेगी 'क्या बोलती पब्लिक' कैंपेन

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके सितंबर से देशभर में ह्यक्या बोलती पब्लिकह्न अभियान शुरू करेंगे। दीपके ने गुरुवार को महाराष्ट्र के संभाजीनगर में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम गांव-शहर जाकर युवाओं से बात करेंगे। साथ ही, बेरोजगारी और महंगी शिक्षा को मुद्दा बनाएंगे। दीपके बोले- बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है और इसे देशव्यापी मुद्दा बनाया जाएगा। हम शिक्षा सुधारों पर काम करेंगे। शिक्षा को मुनाफा कमाने का जरिया बना दिया गया है, लेकिन हम इस व्यवस्था को बदलना चाहते हैं। नीट पेपर लीक को लेकर दीपके और उनकी पार्टी ने जंतर-मंतर पर 20 जून से 25 जुलाई तक, लगातार 36 दिनों तक धरना दिया था। 25 जुलाई को तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद उखढ ने धरना समाप्त करने की घोषणा की थी।

## पत्रकार तेजपाल को रेप केस में 10 साल की सजा

बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने गुरुवार को तहलका मैगजीन के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल को रेप केस में दोषी करार दिया। उन्हें 10 साल जेल की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि वे 2 हफ्ते में सरेंडर करें। इससे पहले मई 2021 में गोवा की ट्रायल कोर्ट ने सबूतों के अभाव में तेजपाल को बरी कर दिया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा था। मामला नवंबर 2013 का है। तहलका की महिला पत्रकार ने आरोप लगाया था कि गोवा में आयोजित थिंक फेस्ट के दौरान 7 और 8 नवंबर की रात होटल की लिफ्ट में तरुण तेजपाल ने दो बार उनका यौन उत्पीड़न किया। हाईकोर्ट के फैसले पर तेजपाल ने कहा, ह्यहम फैसले से बहुत निराश हैं। हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। कुछ लोग तहलका और राजनीतिक बदले की भावना से 13 सालों से मेरे पीछे पड़े हैं। हमने 7.5 साल ट्रायल कोर्ट में केस लड़ा और बरी हुए थे। हाईकोर्ट ने माना कि ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की बजाय घटना के बाद पीड़ित महिला के व्यवहार पर ज्यादा ध्यान दिया। साथ ही, तेजपाल के माफी मांगने वाले ई-मेल जैसे अहम सबूतों को भी सही अहमियत नहीं दी।

# मेटा पर अमेरिकी कोर्ट ने 5,390 करोड़ का जुर्माना लगाया, कहा- कंपनी ने बच्चों की सुरक्षा नहीं, मुनाफा चुना

### दो फेज में मुकदमा कुल जुर्माना 942 मिलियन डॉलर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यू मैक्सिको




न्यू मैक्सिको (अमेरिका) की एक अदालत ने मेटा पर 567 मिलियन डॉलर यानी 5,390 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया है। यह आदेश मेटा के प्लेटफॉर्म्स के कारण बच्चों की मेंटल हेल्थ पर हुए दुष्प्रभाव के खिलाफ जारी किया गया है।

अदालत ने यह फैसला कंपनी की जवाबदेही तय करते हुए सुनाया है। यह पहली बार है, जब अमेरिका के किसी राज्य ने एक बड़ी टेक कंपनी के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई की है।

गुरुवार देर रात आए फैसले में जज ब्रायन बीडशेड ने कहा कि जुमार्ने की रकम का बड़ा हिस्सा 420 मिलियन डॉलर युवाओं के इलाज में इस्तेमाल होगा। बाकी रकम अगले 5 साल तक अवेयरनेस, प्रिवेंशन, स्क्रीनिंग सर्विस पर खर्च की जाएगी।

मेटा के प्लेटफॉर्म्स इंस्टाग्राम-फेसबुक पर बच्चों की सुरक्षा और मेंटल हेल्थ को लेकर लंबे समय से सवाल उठ रहे थे। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि कंपनी के प्लेटफॉर्म्स का बच्चों पर नकारात्मक असर पड़ा है।

यह फैसला उस 375 मिलियन डॉलर के जुमार्ने के अतिरिक्त है जो मेटा को पहले ही इस मामले के पहले फेज में चुकाने का आदेश दिया गया था, जिससे कुल जुमार्ना 942 मिलियन डॉलर हो जाता है। पहले चरण में, जूरी ने मेटा पर 375 मिलियन डॉलर का सिविल जुमार्ना लगाने का आदेश दिया था। जूरी ने पाया था कि कंपनी ने जानबूझकर बच्चों की मेंटल हेल्थ को नुकसान पहुंचाया। उसे प्लेटफॉर्म पर बच्चों के यौन शोषण के बारे में जो जानकारी थी, उसे छिपाया।


दूसरे चरण में, अभियोजकों ने जज से मेटा में बुनियादी बदलाव करने की मांग की थी। इन बदलावों का मकसद लत लगाने वाले फीचर्स पर रोक लगाना, एज वैरिफिकेशन प्रक्रिया को बेहतर बनाना और डिफॉल्ट प्राइवेसी सेटिंग्स, कड़ी निगरानी के जरिए बच्चों के यौन शोषण को रोकना था।

मेटा ने इस फैसले को मानने से इनकार किया है। कंपनी ने कहा है कि वह इस जुमार्ने के खिलाफ अपील करेगी। कंपनी का तक है कि वे प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रहे हैं, लेकिन सभी 'बैड एक्टर्स' को रोकना चुनौतीपूर्ण है।

मामले का दूसरा हिस्सा यानी ट्रायल बेंच यह तय कर सकता है कि क्या मेटा को अपने एल्गोरिदम में अनिवार्य बदलाव करने होंगे। क्या उसे बच्चों के सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए और ज्यादा आर्थिक जिम्मेदारी उठानी होगी।

इस फैसले के बाद अन्य 40 से अधिक राज्यों के अटॉर्नी जनरल भी मेटा के खिलाफ सख्त रुख अपना सकते हैं, जिससे आने वाले समय में कंपनी पर और अधिक कानूनी और नियामक दबाव बढ़ेगा।

यह मामला न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल राउल टोरेस ने दायर किया था। आरोप था कि मेटा के इंस्टाग्राम-फेसबुक बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं हैं। कंपनी ने जानबूझकर इन खतरों को नजरअंदाज किया। कंपनी पर आरोप लगा कि एल्गोरिदम को ऐसे डिजाइन किया है कि वे बच्चों को 'एडिक्टिव' (लत लगाने वाले) बनाते हैं। इसके असर से बच्चों में डिप्रेशन, ईटिंग डिसऑर्डर और आत्महत्या जैसी समस्याओं में बढ़ोतरी हुई।



## अंतरिक्ष स्टेशन को अपग्रेड करने नासा एस्ट्रोनॉट्स की स्पेस वॉक

### पावर चैनल के लिए मॉडिफिकेशन किट लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

नासा के अंतरिक्ष यात्रियों अनिल मेनन और जेसिका मीर ने शुक्रवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के बाहर स्पेस वॉक पूरी की। इस दौरान उन्होंने स्टेशन के पावर चैनल के लिए मॉडिफिकेशन किट को असेंबल किया, जिससे भविष्य में सोलर एरे लगाने का रास्ता साफ हो गया है।

यह स्पेस वॉक गुरुवार सुबह 8:33 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 6:03 बजे) शुरू हुई और शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे (भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे) समाप्त हुई। यह स्पेस स्टेशन के लिए 281वीं, जेसिका मीर के लिए छठी और अनिल मेनन के लिए पहली स्पेस वॉक थी।

### छह घंटे से ज्यादा चली स्पेस वॉक

मेनन और मीर ने क्वेस्ट एयरलॉक से बाहर निकलकर छह घंटे 27 मिनट तक ऑर्बिटल लेबोरेटरी के बाहरी हिस्से में स्ट्रक्चरल अपग्रेड का काम किया। उनका मकसद स्टेशन के स्टारबोर्ड 6 ट्रस सेगमेंट पर लगे 3इ पावर चैनल पर माउंटिंग हार्डवेयर इंस्टॉल करना था। नासा ने बताया कि यह काम भविष्य में रोल-आउट सोलर एरे लगाने में मदद करेगा। इससे ऑर्बिटल लेबोरेटरी को अतिरिक्त बिजली मिलेगी, जो महत्वपूर्ण सिस्टम को सपोर्ट करने और स्पेस स्टेशन को सुरक्षित रूप से डी-ऑर्बिट करने में मददगार होगी।



### अब तक 6 सोलर एरे तैनात

साल 2021 से अब तक अंतरिक्ष यात्री छह असेंबली तैनात कर चुके हैं। अब केवल दो असेंबली बची हैं, जिन्हें इस साल के अंत तक स्टेशन पर भेजा जाएगा। स्पेस वॉक के दौरान मेनन एक आर्टिकुलेटिंग पोर्टेबल फुट रेस्टोरेंट पर तैनात थे, जिससे उन्हें ट्रस पर काम करने के लिए स्थिर एंगल मिला।

दोनों अंतरिक्ष यात्रियों ने बाद में केबलिंग का काम पूरा किया, जो भविष्य में पावर चैनल तक बिजली पहुंचाएगी। इसके बाद उन्होंने स्ट्रट्स को मल्टी-लेयर इंसुलेशन से कवर किया। काम के दौरान मीर ने मेनन से चांद दिखने की बात कही, जिस पर मेनन ने कहा कि उन्हें वहां भविष्य का मून बेस दिखाई दे रहा है।

### अगस्त में दो और स्पेस वॉक होंगी

यह इस महीने एक्सपेडिशन 75 क्रू के लिए तीन स्पेस वॉक में से पहली थी। अगली स्पेस वॉक 13 अगस्त को होगी, जिसमें दो अंतरिक्ष यात्री स्पेस-टू-ग्राउंड एंटीना बदलेंगे। यह एंटीना ह्यूस्टन स्थित मिशन कंट्रोल सेंटर और स्पेस स्टेशन के बीच डेटा और हाई-स्पीड कम्युनिकेशन के लिए जरूरी है। इसके बाद 25 अगस्त को होने वाली स्पेस वॉक में क्रू मेंबर्स पावर चैनल केबल और डेटा रिले सिस्टम को कनेक्ट करेंगे। नासा के अनुसार, इस दौरान वे हार्मनी मॉड्यूल के फॉरवर्ड पोर्ट पर स्पेसक्राफ्ट डॉकिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले नेविगेशनल एड को भी बदलेंगे।

## उत्तराखंड में 6 नदियां उफान पर, 132 सड़कें बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



उत्तराखंड में लगातार बारिश से अलकनंदा, मंदाकिनी, भगीरथी समेत कई नदियां खतरे के स्तर पर बह रही हैं। देहरादून, चमोली, बागेश्वर में स्कूल बंद किए हैं। बद्रीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री नेशनल हाईवे बंद किए हैं। हरिद्वार में घाट डूब गए हैं।

उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश से नदियां भी उफान पर हैं। फरुर्खाबाद में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई। 33 गांवों और 40 सरकारी स्कूलों में बाढ़ का पानी घुस गया।

बलिया में सरयू नदी में तीन मकान समा गए। पिछले एक सप्ताह में अब तक 27 घर नदी में समा चुके हैं। वाराणसी में गंगा उफान पर है। 40 से 50 छोटे मंदिरों में बाढ़ का पानी घुस गया, जबकि रत्नेश्वर महादेव मंदिर आधे से ज्यादा डूब चुका है।

गुरुवार को तेज बारिश हुई। द्वारका सेक्टर-25 में तेज बारिश के दौरान एक युवक खुले नाले में गिरकर तेज बहाव में बह गया।

## भारत ने अग्नि-4 मिसाइल का सफल परीक्षण किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने गुरुवार को ओडिशा के चांदीपुर के इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल टेस्ट किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस मिसाइल के सभी ऑपरेशनल और टेक्निकल पैरामीटर्स को चेक किया गया, जो पूरी तरह सफल रहे। यह टेस्ट स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड की निगरानी में किया गया। इसमें एडवांस्ड एवियोनिक्स और डिजिटल कंट्रोल सिस्टम हैं, जिनकी मदद से यह हाई एक्युरेसी के साथ 4000 ङट की रेंज तक निशाना लगा सकती है। यह भारत में बनी एक मीडियम-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है।

# रूस- मौत के मुआवजे के लिए शादी कर रहीं महिलाएं

### घायल सैनिकों से मैरिज के मामले बढ़े; अस्पताल और सेना पर भी मिलीभगत के आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूस में एक नया घोटाला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक कुछ महिलाओं पर आरोप है कि वे युद्ध पर जाने वाले सैनिकों से जल्दबाजी में शादी करती हैं और उनकी मौत के बाद मिलने वाले सरकारी मुआवजे पर कब्जा कर लेती हैं। रूसी मीडिया और अधिकारी ऐसी महिलाओं को 'ब्लैक विडो' कह रहे हैं। रूस में हाल के महीनों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें सैनिकों ने मोर्चे पर जाने से ठीक पहले या अस्पताल में मौत से पहले शादी की। इस पूरे स्कैम में अस्पताल से लेकर सेना तक पर मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। सबसे चर्चित मामले में एक सैन्य अस्पताल की नर्स पर आरोप लगा कि उसने इलाज करा रहे पांच घायल सैनिकों से अलग-अलग समय पर शादी की। आरोप था कि सैनिकों की मौत के बाद वह उनका मुआवजा लेना चाहती थी।



**पिता की मौत के बाद बेटी को पता चला- दो दिन पहले हुई थी शादी-** सेंट पीटर्सबर्ग की रहने वाली मारिया को सेना ने बताया कि उनके 59 साल पिता यूरी की यूक्रेन युद्ध में गोली लगने से मौत हो गई। लेकिन उन्हें सबसे बड़ा झटका तब लगा, जब पता चला कि युद्ध पर भेजे जाने से सिर्फ दो दिन पहले उनके पिता ने शादी कर ली थी। मारिया का कहना है कि उन्होंने उस महिला का नाम पहले कभी नहीं सुना था। वह उनके पिता से 22 साल छोटी थी। शादी के बाद वही कानूनी रूप से यूरी की सबसे करीबी रिश्तेदार बन गई और सरकारी मुआवजे की हकदार भी।


### सैनिक की मौत पर मिलता है भारी मुआवजा


रूस में युद्ध में मारे गए सैनिक के परिवार को सरकार की ओर से कम से कम 50 लाख रूबल (करीब 62 लाख भारतीय रुपए) की एकमुश्त मदद मिलती है। कई अन्य भुगतान और बीमा जोड़ दिए जाएं तो यह रकम और भी ज्यादा हो सकती है। आरोप है कि कुछ महिलाएं इसी पैसे के लालच में अकेले, बुजुर्ग या कमजोर सैनिकों को शादी के लिए फंसाती हैं। सैनिक की मौत के बाद पूरा मुआवजा पत्नी को मिल जाता है। परिवार के बाकी लोगों को कुछ भी नहीं मिल पाता।

# पाकिस्तान के 4 में से 2 सूबों में बागी तेवर, सरकार की पकड़ कमजोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के चार सूबे हैं। इनमें से बलूचिस्तान सूबे में अलगाववादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने विद्रोह का झंडा बुलंद किया हुआ है। खैबर पख्तूनख्वा सूबे में अफगा?न तालिबान का दबदबा है। आए दिन तालिबान के हमलों से यहां पाक फौज के पांव उखड़ रहे हैं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा सूबा है। यह देश के करीब 45% हिस्से में फैला है और इसकी सीमा ईरान से लगती है। दूर-दूर तक रेगिस्तान और वीरान पहाड़ हैं। लेकिन इन दिनों इस वीराने में सबसे ज्यादा गूंज गोलियों की सुनाई देती है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाके अलग देश की मांग को लेकर लड़ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि बलूच लड़ाकों और पश्तून (पठान) विद्रोहियों का सूबे के करीब 70% हिस्से पर कब्जा है।




अब सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि पाकिस्तानी सेना कितने विद्रोहियों को मार रही है या पकड़ रही है। असली सवाल यह है कि क्या सरकार यहां पुलिस थाने चला पा रही है? क्या हाईवे सुरक्षित हैं? क्या बाजार खुल रहे हैं? और क्या लोग बिना डर के एक शहर से दूसरे शहर जा सकते हैं?

बलूचिस्तान के कई इलाकों में हथियारबंद लड़ाके बेखौफ होकर क्वेटा, खुजदार और मस्तुंग जैसे शहरों में घुसते हैं। पुलिस थानों और सरकारी दफ्तरों पर हमले करते हैं। कई जगह इछअ के लड़ाके और पश्तून गुट सड़कों पर अपने नाके लगा लेते हैं। वहां से गुजरने वाले वाहनों की तलाशी लेते हैं और खुलेआम वसूली करते हैं। यही पैसा इछअ के फंड में जाता है।

### गुस्सा... खनिज और पोर्ट पर चीन-अमेरिका का कब्जा है

बलूचिस्तान को पाकिस्तान के खनिजों की खदान भी कहते हैं। बात शुरू की तो खुजदार शहर के युवक मोमिन का पाक सरकार पर गुस्सा फूट पड़ा। मोमिन कहते हैं यहां के ग्वादर पोर्ट पर चीन का कब्जा है। चीन ने सीपैक के नाम पर यहां लगभग 3 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है। ग्वादर पोर्ट पर चीन की फिशिंग बोट्स का कब्जा है। स्थानीय बलूच मछुआरों को चीनी बोट्स खदेड़ देती हैं। इनकी बोट्स बड़ी और ज्यादा पावर वाली होती हैं। ज्यादातर बलूच मछुआरों के पास अब भी पालदार नौकाएं हैं। बलूच बेरोजगार हो रहे हैं।

■ वर्ष-12 अंक-275 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

दुग्धेन धेनु: कुसुमेन वल्ली शीलेन भार्या कमलेन तोयम्।
गुरुं विना भाति न चैव शिष्य: शमेन विद्या नगरी जनेन॥

**भावार्थ** : जैसे दूध बगैर गाय, फूल बगैर लता, शील बगैर भार्या, कमल बगैर जल, शम बगैर विद्या, और लोग बगैर नगर शोभा नहीं देते, वैसे हि गुरु बिना शिष्य शोभा नहीं देता।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 07 अगस्त, 2026

श्रमेण लभ्यं सकलं न श्रमेण विना क्वचित्।
सरलाङ्गुलि संघर्षात् न निर्याति घनं घृतम्।।

**भावार्थ** : शरीर द्वारा मन से किया गया कार्य श्रम कहलाता है। बिना मेहनत के जीवन का कोई मतलब नहीं है, बिना मेहनत के न तो शिक्षा है और न ही पैसा। बिना मेहनत के खाया गया खाना भी बेस्वाद होता है। इसलिए हमें हमेशा मेहनत करनी चाहिए। मेहनत से ही देश, समाज और परिवार का विकास होता है।

## समग्रप्रशासनिकव्यवस्थायां आक्रमणं इति समाहितम्

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

नगरीयस्थानीयनिकायसेवायाः सह सम्बद्धाः अधिकारिणः अवदन् यत् एतत् केवलं व्यक्तिस्य हत्या एव न अपितु सम्पूर्णस्य बिहारनगरसेवासंवर्गस्य उपरि आक्रमणम् अस्ति। तेषां आग्रहः आसीत् यत् सर्वकारः अधिकारिणां सुरक्षां सुनिश्चितं करोतु, अपराधिनां विरुद्धं कठोरकार्याणि करोतु, निष्पक्षं अन्वेषणं च करोतु इति। संभावित षड्यंत्रस्य अन्वेषणं निरन्तरं भवति यद्यपि पुलिसैः चालकं गृहीतं, तस्य मुख्याभियुक्तः इति परिचयः कृतः, तथापि अन्वेषणसंस्थाः अद्यापि केवलं व्यक्तिगतविवादस्य कारणं वक्तुं सज्जाः न सन्ति।

## सम्पादकीयम्


### वाष्पयुक्तसन्देशैः

आधुनिकदम्पतयः शय्याकक्षे अपेक्षया सेक्सटिङ्ग-माध्यमेन शारीरिक-स्नेहं प्रकटयितुं दूरतरं निपुणाः भवन्ति। अमेरिकन-मनोवैज्ञानिक-सङ्घस्य प्रसिद्धस्य अध्ययनस्य अनुसारं प्रायः ८२% प्रौढाः स्वसहभागिभिः सह नियमितरूपेण सेक्स्ट्-करणं कुर्वन्ति इति वदन्ति। दम्पतीनां कृते सेक्सटिङ्ग डिजिटल-पूर्वक्रीडायाः रूपरूपेण कार्यं करोति इति शोधं सूचयति। बहवः जनाः स्वाभाविकतया लज्जालुः भवन्ति; ते स्वस्य वन्यकल्पनाः अथवा स्वस्य विशिष्टानि रुचिनिष्ठानि मुक्ततया वक्तुं संघर्षं कुर्वन्ति। ते चिन्तयन्ति यत् एतादृशानां विषयाणां प्रत्यक्षं स्वरं दत्त्वा तेषां सहभागिनः असहजतां अनुभवितुं शक्नुवन्ति। तथापि ते पाठसन्देशद्वारा आश्चर्यजनकरूपेण साहसिकाः भवन्ति। दूरभाषे ते प्रत्येकं दमितं शारीरिकं इच्छां निःसंकोचं अभिव्यक्तयन्ति। पाठद्वारा शारीरिकसान्निध्यस्य एषा मुक्तव्यञ्जना प्रायः शय्याकक्षे अनुभूयमानानाम् पारम्परिकनिरोधानाम् विच्छेदनं करोति। ये जनाः पदार्यां यौनव्यञ्जकाः भवन्ति ते शय्याकक्षे प्रकाशाः निष्क्रान्ताः भवन्ति तस्मिन् क्षणे एव अत्यन्तं पारम्परिकाः वा आरक्षिताः वा भवितुम् अर्हन्ति। दीर्घदूरसम्बन्धेषु प्रायः सेक्सटिङ्ग इत्यस्य उपयोगः सहभागिनं प्रभावितं कर्तुं भवति, यद्यपि वास्तविकः शारीरिकः समागमः निराशाजनकः भवितुम् अर्हति ये व्यक्तिगतरूपेण कतिपयान् प्रत्यक्षशब्दान् उच्चारयितुं संघर्षं कुर्वन्ति ते पाठस्य उपरि।

## संसदे जन्ममृत्युविधेयकं पारितम्: नूतनः

# कानूनः प्रवर्तते; धोखाधड़ीं नियन्त्रयितुं प्रमुखपञ्जीकरणनियमाः परिवर्तिताः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली



देशे जन्ममृत्युपञ्जीकरणप्रक्रिया अधिका पारदर्शी, कठोरः, आधुनिकः च भवतु इति केन्द्रसर्वकारेण महत्त्वपूर्णं कदमः कृतः अस्ति। मंगलवासरे राज्यसभायाः कोलाहलपूर्णदृश्यानां, नाराघोषस्य च मध्यं स्वरमतेन जन्ममृत्युपञ्जीकरणविधेयकं २०२६ पारितम्। अस्मात् पूर्वं महत्त्वपूर्णं विधेयकं लोकसभायाः विना किमपि वादविवादं पूर्वमेव पारितम् आसीत्।

२०२६ तमस्य वर्षस्य जुलै-मासस्य अन्ते संसदे प्रस्तावितस्य अस्य विधेयकस्य प्राथमिकं उद्देश्यं समकालीन-आवश्यकतानां अनुरूपं मूल-१९६९-अधिनियमस्य अद्यतनीकरणं भवति, येन धोखाधड़ीं पूर्णतया नियन्त्रितं भवति, समये एव प्रतिवेदनं च प्रोत्साहयितुं शक्यते

द्ववर्षाधिकविलम्बेषु न्यायिकदण्डाधिकारिणः आदेशः अधुना अनिवार्यः नूतनसंशोधनस्य अन्तर्गतं जन्ममृत्युपञ्जीकरणे विलम्बसम्बद्धाः नियमाः महत्त्वपूर्णतया कठिनाः कृताः सन्ति।

पुराण नियमः पूर्वं यदि एकवर्षस्य अन्तः जन्म मृत्युः वा पञ्जीकृतः नासीत् तर्हि जिलादण्डाधिकारी, उपविभागीयदण्डाधिकारी, अथवा अधिकृतकार्यकारीदण्डाधिकारीतः अनुमतिः पर्याप्तः आसीत्।

नव नियमः अधुना यदि पञ्जीकरणे वर्षद्वयाधिकं विलम्बः भवति तर्हि प्रथमश्रेणीयाः न्यायिकदण्डाधिकारिणः आधिकारिकः आदेशः अनिवार्यः भविष्यति।

द्विवर्षपर्यन्तं विलम्बः द्विवर्षपर्यन्तं विलम्बः भवति इति प्रकरणेषु, पुरातनप्रक्रियायाः अनुसरणं कृत्वा, निर्दिष्टस्य कार्यकारीदण्डाधिकारिणः माध्यमेन अद्यापि अनुमोदनं दातुं शक्यते।

नकली जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र पर लगाम- वर्तमानयुगे जन्ममृत्युप्रमाणपत्राणि केवलं साधारणदस्तावेजानि एव न भवन्ति इति सर्वकारस्य मतम्। विद्यालयप्रवेशः, पासपोर्ट् प्राप्तुं, सर्वकारीययोजनासु लाभं प्राप्तुं, मतदातासूचौ नामाङ्कनं कर्तुं, सम्पत्तिविवादस्य निराकरणं च कर्तुं ते महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहन्ति प्रायः, व्यक्तिः जन्मतिथिषु हेरफेरं कर्तुं वा सम्पत्तिदावेषु प्रभावं कर्तुं वा वर्षाणां अनन्तरं नकलीजन्ममृत्युप्रमाणपत्राणि प्राप्नुवन्ति स्म। नूतननियमेन एतादृशी धोखाधड़ी, नकली प्रमाणपत्रस्य उपयोगस्य प्रथा च पूर्णतया निवारणं भविष्यति।

कानूनी शब्दावलीयां परिवर्तनं कृतम्- अस्मिन् संशोधनविधेयकेन नूतनकायदानानां अनुरूपं कानूनीपरिभाषा अपि अद्यतनं भवति। एतत् पुरातनस्य आपराधिकप्रक्रियासंहिता इत्यस्य सन्दर्भान् प्रतिस्थापयति तथा च नवनिर्मितभारतीयनागारिकसुरक्षासंहिता, 2023 इत्यस्य अनुसारं 'कार्यकारीदण्डाधिकारी' इत्यादीनां पदानाम् परिभाषां करोति।

नव नियमाः कदा प्रवर्तन्ते- इदं नवीनं विधानं जन्ममृत्युपञ्जीकरणकानूनम्, २०२६ इति नाम्ना प्रसिद्धं भविष्यति।केन्द्रीयमन्त्रिमण्डलेन तस्य अनुमोदनस्य अनन्तरं संसदस्य द्वयोः सदनयोः पारितस्य च अनन्तरं केन्द्रसर्वकारेण आधिकारिकराजपत्रे अधिसूचितायाः तिथ्याः आरभ्य राष्ट्रव्यापिरूपेण प्रभावी भविष्यति।

## जबलपुर कोचिंग डिपो

# इत्यत्र स्टिफनर प्लेट स्थापनाद्वारा ५०० तः अधिकेषु

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

आरडीएसओ मार्गदर्शिकानां अनुपालनेन तथा शैलेन्द्रसिंह रावत (प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता, डब्ल्यूसीआर) तथा कमल कुमार तालरेजा (विभागीय रेलवे प्रबन्धक) इत्येतयोः मार्गदर्शनेन जबलपुर कोचिंग डिपो ने जुलाई 2026 के दौरान 500 तः अधिकेषु एलएचबी कोच में विद्यमान स्टिफनर प्लेटों के स्थाने संशोधित प्लेटों से बदल किया। अस्य कार्यस्य उत्तरदायी डिपो कर्मचारी थे पुरस्कृतः।

आरडीएसओ द्वारा विकसितस्य संशोधितस्य कठोरीकरणस्य प्लेटस्य उद्देश्यं एलएचबी कोच अण्डरफ्रेमस्य संरचनात्मकं अखण्डतां वर्धयितुं तथा च रेलविच्छेदनम् इत्यादीनां गम्भीराणां घटनानां प्रभावीरूपेण निवारणं कर्तुं वर्तते। एतत् महत्त्वपूर्णं सुरक्षासंशोधनं समये एव कार्यान्वितं कृत्वा जबलपुरविभागेन सम्भाव्यसुरक्षाजोखिमान् न्यूनीकर्तुं रेलसञ्चालनं सुरक्षितं विश्वसनीयं च कृतम् अस्ति। भारतीयरेलमार्गस्य यात्रिकसुरक्षा सर्वोच्चप्राथमिकता अस्ति। एतत् उद्देश्यं कृत्वा जबलपुर-विभागः आधुनिक-रक्षण-प्रथाः, आरडीएसओ-सुरक्षा-मानकानि, निर्धारित-संशोधनं च समये एव कार्यान्वितं कृत्वा रेल-सुरक्षां निरन्तरं सुदृढां करोति जुलैमासे ५०० तः अधिकेषु कोचेषु स्टिफनरप्लेट् प्रतिस्थापनम् अस्य प्रतिबद्धतायाः महत्त्वपूर्णं उदाहरणं भवति। एतस्याः उल्लेखनीयस्य उपलब्धेः चिह्नार्थं अनुराग पाण्डेय (वरिष्ठसंभागीययान्त्रिक अभियंता - कोचिंग), प्रमोदकुमार बिसल (कोचिंग डिपो अधिकारी), एरिक मिन्ज (एसएसई जनरल) च जबलपुर कोचिंग डिपो इत्यस्य सम्बन्धितकर्मचारिणां सम्मानं पुरस्कृत्य च कार्ये उत्कृष्टं योगदानं दत्तवन्तः।

## राशिफल

**मेष** : नई जिम्मेदारियां लें और नए प्रोफेशनल गोल्स प्लान करें। बातचीत के माध्यम से अपने कनेक्शन के मुद्दों को दूर करें।

**वृषभ** : प्रेम जीवन को जारी रखें। सुनिश्चित करें कि आप सभी पेशेवर चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करें।

**मिथुन** : रोमांस से जुड़े मुद्दों को सुलझाएं। आज भावनाओं को साझा करें और प्यार को बढ़ाते रहें।

**कर्क** : अपने प्रेम जीवन में परेशानियों को दूर करके एक बेहतर दिन बिताएं। ऑफिस में आपका शेड्यूल बहुत बिजी रहेगा।

**सिंह** : सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें और यह प्रेम संबंधों में भी झलकेगा। परिश्रम को साबित करने के लिए नए मौके आएंगे।

**कन्या** : सुरक्षित कल के लिए धन का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करें। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

**तुला** : आज करियर में उत्साह रहेगा। बेहतरीन परिणाम पाने के लिए कार्यस्थल पर नई चुनौतियों का सामना करें।

**वृश्चिक** : कनेक्शन, करियर में स्पीड और बुद्धिमानी से पैसे के विकल्प मिलेंगे। आराम पर ध्यान केंद्रित करने से एनर्जी हाई रहेगी।

**धनु** : प्रेम संबंधों में खुशियां बांटें और उत्साह महसूस करें। पेशेवर जीवन में अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाएं।

**मकर** : प्रेम संबंधों में सुखद पलों की तलाश करें। पेशेवर यात्रा सफल रहेगी, समृद्धि भी रहेगी। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कुंभ** : दफ्तर में नई जिम्मेदारियां आपकी हिम्मत की परीक्षा लेंगी। खर्च में कटौती करें और धन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें।


**मीन** : आर्थिक रूप से आप अच्छे रहेंगे। आज आपका स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। रिश्ते में सुखद पलों का आनंद लें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 9 अगस्त से इन राशि वालों को मिलेंगे अच्छे परिणाम, नौकरी को लेकर मिल सकती है खुशखबरी

मिथुन राशि में महालक्ष्मी राजयोग बनने जा रहा है। यह योग कुछ राशि वालों के लिए करियर, कारोबार और मान-सम्मान में सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। साथ ही परीक्षा-प्रतियोगिता को लेकर किए गए प्रयासों का फल भी जातकों को प्राप्त होगा।

ज्योतिष शास्त्र में महालक्ष्मी राजयोग को सबसे शुभ योगों में से एक माना जाता है, क्योंकि यह अपार धन, सफलता, ऐश्वर्य और विलासिता का कारक है। मान्यता है कि, इस योग के प्रभाव से व्यक्ति के जीवन में सुख-सौभाग्य बढ़ता है और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। ज्योतिषियों की मानें, तो जल्द ही अगस्त महीने में यह शुभ राजयोग बनने जा रहा है, जिसका प्रभाव कई राशियों पर विशेष रूप से दिखाई दे सकता है। बता दें, वर्तमान में मंगल मिथुन में विराजमान हैं। वहीं 9 अगस्त को दोपहर 3 बजकर 48 मिनट पर चंद्रमा भी इसी राशि में गोचर करेंगे। मंगल और चंद्रमा की इसी युति से मिथुन में महालक्ष्मी राजयोग का निर्माण होगा। यह शुभ संयोग कुछ राशि वालों के लिए सफलता-सम्मान लेकर आ सकता है। इसके अलावा जातकों को ऐश्वर्य, वैभव, सुख-



सुविधाओं में वृद्धि और रुके हुए कार्यों में सफलता मिलने के भी प्रबल योग बन रहे हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि में ही मंगल और चंद्रमा की युति से महालक्ष्मी राजयोग बनेगा। ऐसे में इस राशि के जातकों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है। धन लाभ के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। अगर आप किसी वस्तु का कारोबार करते हैं, तो उसमें सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसके अलावा समाजिक स्तर पर मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। नए लोगों से मिलेंगे और काम को लेकर योजनाएं बनाने में भी सफलता मिथुन राशि वालों को प्राप्त होगी।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों का भाग्योदय हो सकता है। यह समय आपके प्रयासों का परिणाम भी लेकर आ सकता है। आर्थिक पक्ष आपका मजबूत होगा। आय के नए स्रोत बनने की संभावना है। कन्या राशि वालों के करियर को नई दिशा प्राप्त होगी। खास बात यह है कि, इस राशि के जातकों को घर और बाहर सम्मान प्राप्त होगा। परिवार के साथ सुखद समय बिताने का अवसर मिलेगा। अगर किसी नए काम की शुरूआत आप करना चाह रहे थे, तो समय आपके लिए नए मौके लेकर आ सकता है।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए यह राजयोग शुभ परिणाम देने वाला साबित हो सकता है। धन लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। सेहत से जुड़ी परेशानियां भी धीरे-धीरे समाप्त होती हुई नजर आ सकती हैं। घर में किसी पूजा-पाठ या धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। आर्थिक मामलों में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आपके लिए यह समय किस्मत का पूरा साथ व सहयोग लेकर आएगा।

## 1200 मीटर की दौड़ 5.20 मिनट में पूरी करनी होगी, फिटनेस लेवल सुधारने की पहल

# टीम इंडिया रूल-10 मिनट में 2 किमी दौड़ना जरूरी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के लिए फिटनेस टेस्ट पास करना अब पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है। आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर टीम के खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने फिटनेस पैरमीटर्स को ज्यादा चैलेंजिंग बनाने का फैसला किया है।

भारतीय खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दो तरह के टेस्ट से गुजरना होता है। इनमें एक ब्रोंको टेस्ट और दूसरा 2 किलोमीटर की दौड़ है। ब्रोंको टेस्ट के लिए पहले 6 मिनट का समय मिलता था। अब इसे 5 मिनट 15 सेकेंड से लेकर 5 मिनट 20 सेकेंड में पूरा करना होगा। इसके ठीक बाद 2 किलोमीटर की दौड़ 9 से 10 मिनट में पूरी करनी होगी।

**अब फिटनेस टेस्ट पास करना कठिन क्यों-** ब्रोंको टेस्ट में पांच सेट होते हैं। हर सेट में खिलाड़ियों को 20 मीटर अप-डाउन, 40 मीटर अप-डाउन और 60 मीटर अप-डाउन की दौड़ लगानी होती है। यानी एक सेट में कुल 240 मीटर दौड़ना होता है। पूरे टेस्ट में इस तरह के पांच सेट लगाने होते हैं। सेट के बीच कोई



ब्रेक नहीं होता। पहले पूरे टेस्ट के लिए 6 मिनट का समय था। अब इसमें 40 सेकेंड तक की कमी की गई है।

ब्रोंको टेस्ट के अलावा खिलाड़ियों को 2 किलोमीटर की रनिंग भी करनी होती है। पहले यह स्टैंड अलोन टेस्ट था। यानी इसे ब्रोंको के साथ नहीं लिया जाता था। पुराने नियम के तहत फास्ट बॉलर्स को 8 मिनट 15 सेकेंड में 2 किलोमीटर दौड़ना होता था। बाकी खिलाड़ियों के लिए 8 मिनट 30 सेकेंड का समय निर्धारित था। अब 2 किलोमीटर की रनिंग ब्रोंको टेस्ट के ठीक बाद करनी होगी। समय में कुछ रियायत दी गई है। खिलाड़ी 2 किलोमीटर की दौड़ 9 से 10 मिनट में पूरी कर सकते हैं। दोनों टेस्ट बैक टु बैक होंगे, लिहाजा खिलाड़ियों के लिए यह पहले से ज्यादा चैलेंजिंग है।

### ब्रोंको टेस्ट क्यो, अनफिट हर्षित-नीतीश को क्लियरेंस मिली थी

बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक, पिछले एक साल में फिटनेस टेस्ट के मानकों का सख्ती से पालन नहीं किया गया। कुछ सीनियर खिलाड़ियों को फिटनेस टेस्ट में पास कराने के लिए अपेक्षाकृत आसान लक्ष्य दिए गए। टीम मैनेजमेंट की मांग पर सीओई स्टाफ ने हर्षित राणा और नीतीश कुमार रेड्डी को पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद क्लियरेंस दे दी थी। इंग्लैंड दौरे के दौरान हर्षित राणा को ज्यादा वजन के कारण टीम से वापस भेजा गया था। टीम मैनेजमेंट के अनुसार उस समय हर्षित का वजन 97 किलो था। अब सीओई ने उनके लिए वजन 96 किलो से कम रखने का टारगेट तय किया है। फिलहाल हर्षित का वजन 94 किलो है और अगले हफ्ते तक उन्हें फिट घोषित किया जा सकता है।

### बार-बार इंजरी पर फिजियो से जवाब-तलब

- खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने और इंग्लैंड के अनुकूल मौसम में भी मांसपेशियों में खिंचाव यानी क्रैम्प्स की शिकायतों के बाद बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया और टीम मैनेजमेंट ने टीम के फिजियो कमलेश जैन से जवाब-तलब किया है।
- उन्हें साफ कहा गया है कि किसी भी खिलाड़ी के कद या स्टार स्टेटस की परवाह किए बिना फिटनेस में कमी दिखे तो उसकी तुरंत जानकारी दें। मैनेजमेंट का मानना है कि कई खिलाड़ियों की मैदान पर मोबिलिटी घटी है और लंबे समय तक बल्लेबाजी के दौरान सीनियर बल्लेबाजों को दौड़कर रन लेने में परेशानी हो रही है।

### बुमराह श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर



सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) और टीम मैनेजमेंट के बीच तालमेल की कमी भी सामने आई है। बुमराह को 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के पहले मैच तक फिट करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन सीओई ऐसा नहीं कर सका। वहीं सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों को नए फिटनेस पैरामीटर्स की जानकारी भी देर से मिली। मोहम्मद सिराज जब श्रीलंका दौरे से पहले सीओई पहुंचे तो अचानक ब्रोंको और 2के टेस्ट कराए जाने से हैरान रह गए। अब गैर-टेस्ट खिलाड़ियों को भी इन्हीं नए मानकों के अनुसार तैयारी करने के लिए कहा गया है।

## युगांडा के फुटबॉल स्टार डेविड ओवरी की हत्या



ब्रह्मास्त्र ›› कंपाला

युगांडा के इंटरनेशनल फुटबॉल खिलाड़ी डेविड ओवरी की हत्या कर दी गई है। 28 साल के ओवरी देश के सबसे बड़े फुटबॉल क्लबों में शामिल एससी विला क्लब के कप्तान थे। लोकल पुलिस के अनुसार मंगलवार को राजधानी कंपाला के एक उपनगर में अज्ञात हमलावरों ने ओवरी को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। राहगीरों ने उन्हें बेहोशी की हालत में पाया और पास के अस्पताल पहुंचाया। बाद में उन्हें दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फेडरेशन ऑफ युगांडा फुटबॉल एसोसिएशंस ने अपने बयान में कहा कि डेविड सिर्फ एक फुटबॉलर नहीं थे। वे एक लीडर और युवाओं के लिए प्रेरणा थे। एससी विला के कप्तान के तौर पर उन्होंने साहस, विनम्रता और जुनून के साथ टीम का नेतृत्व किया।

## विमेंस एशिया कप में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच 5 सिंतबर को




### 28 अगस्त से शुरू होगा टूर्नामेंट, 8 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

विमेंस एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच 5 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने गुरुवार को टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी किया।

टी-20 फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट की शुरूआत 28 अगस्त को होगी। पहला मुकाबला थाईलैंड और हांगकांग के बीच होगा। भारत-पाकिस्तान ग्रुप-अ में शामिल हैं।

यह विमेंस एशिया कप का छठा एडिशन होगा, जो टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान के साथ थाईलैंड, हांगकांग-चीन को रखा गया है। ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, यूएई और इंडोनेशिया शामिल हैं।

ग्रुप स्टेज के बाद दोनों ग्रुप से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 13 सितंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ही आयोजित किए जाएंगे।

**भारत सबसे ज्यादा 3 बार चैंपियन बनी-** विमेंस एशिया कप के टी-20 फॉर्मेट में अब तक 5 टूर्नामेंट खेले गए हैं। इनमें भारत ने सबसे ज्यादा 3 बार खिताब जीता है। बांग्लादेश और श्रीलंका ने एक-एक बार ट्रॉफी अपने नाम की। श्रीलंका मौजूदा चैंपियन है।

## खबर एक नजर...

### चेन स्नेचरों की तलाश में देखे 35 कैमरों के फुटेज

**उज्जैन।** फव्वारा चौक पर बुधवार-गुरूवार रात हुई चेन स्नेचिंग की वारदात के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने मुकेश नीमा की शिकायत पर उनकी पत्नी मनीषा के गले से ढाई तोला वजनी चेन झपटने का प्रकरण 2 अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ दर्ज कर लिया। स्नेचरों का पता लगाने के लिये गुरूवार को फव्वारा चौक से लेकर निकास चौराहा तक 35 से अधिक कैमरों के फुटेज खंगाले गये। रात में हुई वारदात और बाइक तेजगति से चलाने पर उनके चेहरे स्पष्ट दिखाई नहीं दिये। थाना प्रभारी दिनबंधु सिंह तोमर ने बताया कि बदमाशों के भागने वाले रूट को ट्रेस किया जा रहा है। जल्द बदमाशों का सुराग तलाश लिया जायेगा।

### विक्रांत भैरव मंदिर के पास मिली वृद्ध की लाश

**उज्जैन।** विक्रांत भैरव मंदिर के पास गुरूवार शाम एक वृद्ध की लाश पड़ी होने की खबर मिलने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये गये। कुछ देर में पता चला कि मृतक तराना मार्ग स्थित ग्राम देवनखेड़ी का रहने वाला मायाराम पिता पूराजी 65 साल है। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दी और शव को चरक अस्पताल पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। देर शाम अस्पाल पहुंचे भाई लालू ने मृतक की पहचान करते हुये बताया कि दिमागी रूप से विक्षिप्त था, शादी नहीं हुई थी, आये दिन घर से चला जाता था और भिक्षावृत्ति करता था। कुछ दिनों पहले उसे ढूंढकर घर लाये थे। लेकिन 8 दिन पहले फिर से निकल गया था। भैरवगढ़ थाना पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### मकान विवाद में भाई ने भाई को मारी तलवार

**उज्जैन।** कायथा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलरी में तीन भाई रमेश पिता मोतीराम रायदास 55 साल, नानूराम रायदास 65 साल और कमल रायदास 50 साल एक ही मकान में रहते है। कमल का दोनों बड़े भाईयों से मकान को लेकर विवाद चला आ रहा है। रात में कमल और नानूराम के बीच विवाद हो गया। दोनों को झगड़ा करता देख बीच-बचाव के लिये रमेश आ गया। इस दौरान कमल ने रमेश के साथ गाली-गलौच की और तलवार निकालकर नानूराम पर हमला कर दिया। नानूराम के हथेली और अंगूठे पर चोंट लगी। तलवार मारने के बाद कमल भाग निकला। रमेश ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ग्राम बेलरी पहुंची और घायल नानूराम को अस्पताल पहुंचाया। रमेश की शिकायत पर मामले में कमल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की हुई मौत

**उज्जैन।** कायथा से जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी हालत के बाद विजय पिता रोडसिंह बंजारा को परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान गुरूवार दोपहर युवक की मौत हो गई। मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। विजय बंजारा ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया इसकी वजह परिजन नहीं बता पा रहे थे। नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार मर्ग डायरी जांच के लिये कायथा थाना पुलिस को भेजी जायेगी। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### पारदी समाज के बालक की सर्पदंश से मौत

**उज्जैन।** बारिश के मौसम में सांप निकलने की घटना सामने आ रही है। गुरूवार सुबह पारदी समाज के बालक को सांप ने डंस लिया। उसे अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम कंडारिया में रहने वाला भारत पारदी महाकाल मंदिर के पास रूद्राक्ष की माला बेचने का काम करता है। गुरूवार सुबह उसका 11 साल का पुत्र तिरंगा पारदी घर के सामने लकड़ी के ढेर से खाना बनाने के लिये लकड़ी लेने पहुंचा था, उसी दौरान सांप ने हाथ पर डंस लिया। तिरंगा ने सांप काटने के बाद शोर मचाया, परिजन और समाज के लोग उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया वृद्ध

**उज्जैन।** घर की छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में वृद्ध आ गया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। मामला घट्टिया तहसील के ग्राम भूतिया का है। जहां से उदय पिता हटेसिंह 60 साल का रात को मृत अवस्था में परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखवा दिया। परिजन किशोर सिसौदिया ने बताया कि छत पर लकड़ियां रखने गये थे, बारिश की वजह से लकड़ी गिरी थी, छत के 3 फीट ऊपर से बिजली की लाइन गुजर रही है। लकड़ी टकराने पर करंट लगा है। जब काफी देर तक छत से नीचे नहीं आये तो परिजन देखने पहुंचे थे। जहां मृत अवस्था में पड़े दिखाई दिये। अस्पताल स्टॉफ द्वारा मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 990-8 | 135-9 |
| मेन बाजार | 457-6 | 236-1 |
| मिलन डे | 225-9 | 579-1 |
| मिलन नाइट | 156-2 | 380-1 |

2 8 9

## अभी 7 साल का, 2021 में भोपाल से लाया गया था उज्जैन

# पुलिस का 'जेम्स बॉन्ड' बना डॉग 'लक्की' सुलझाये 4 कत्ल

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सूंघने की ताकत और ट्रैकिंग में माहिर उज्जैन पुलिस के डॉग स्क्वाड का ट्रेकर डॉग 'लक्की' अब विभाग का हीरो बन गया है। जेम्स बॉन्ड की तरह अपराध स्थल पर सुराग ढूंढने वाले लक्की ने हाल ही में दो अंधे कत्लों का खुलासा करने में पुलिस की मदद की।

पुलिस का जेम्स बॉन्ड बन चुके डॉग के कारनामों और कार्यशैली को देखते हुये एसपी प्रदीप शर्मा ने लक्की और उसके हैंडलर आरक्षक अखिलेश चंद्रवंशी को 5-5 हजार रुपये का नकद इनाम दिया। कुल 10 हजार रुपये का सम्मान। एसपी ने कहा आधुनिक संसाधनों के बावजूद डॉग स्क्वाड की भूमिका सबसे अहम है। लक्की ने साबित किया है कि उसकी नाक तकनीक से भी तेज है। हैंडलर अखिलेश चंद्रवंशी के मुताबिक लक्की को 2021 में भोपाल की 23वीं बटालियन से लाकर उज्जैन में पदस्थ किया गया था। अभी लक्की की उम्र 7 साल है। पिछले 5 साल में उसने 4 अंधे कत्ल सुलझाने और एक हादसे में अहम सुराग देने में भूमिका निभाई। अखिलेश बताते हैं, लक्की घटनास्थल पर पहुंचते ही खुद काम शुरू कर देता है। उसे इशारा करने की जरूरत नहीं पड़ती। वो गंध के सहारे सीधे आरोपी तक पहुंच जाता है। पुलिसकर्मियों के बीच लक्की अब सेलिब्रिटी बन चुका है।



#### इस वर्ष दो केस में बना हीरो

- उन्हेल-16 जून 2026 विक्रम लोहार हत्या केस। घटनास्थल पर लक्की पहुंचा और मृतक की पत्नी की ओर बार-बार इशारा करने लगा। हैंडलर ने बात समझी और पुलिस ने पूछताछ की तो महिला ने गुनाह कबूल कर लिया।
- जूना नागदा-14 जुलाई 2026 अज्ञात युवक की हत्या कर शव गड्ढे में छिपाया गया था। हत्या में इस्तेमाल ईंट की गंध से लक्की ने 900 मीटर तक ट्रैक किया। गांव के अंदर से होते हुए वो सीधे संदिग्ध के घर पहुंचा और वहीं भौंकने लगा। इसी से आरोपी पकड़ा गया।

#### पहले भी दिखा चुका है कमाल

- नरवर थाना क्षेत्र के पिपलौदा द्वारकाधीश में 27 जनवरी 2024 को पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता रामनिवास कुमावत और पत्नी मुन्नी की घर में घुसकर हत्या। चोरी के इरादे से आए गांव के बदमाशों को पकड़ने में लक्की के सुराग काम आए।
- विष्णु सागर-26 मार्च 2026 पिकनिक पर गई महिलाओं में से एक की 2 साल की बच्ची लापता हुई थी। लक्की तालाब के एक हिस्से में लगातार संकेत देता रहा। गोताखोरों ने उसी जगह से बच्ची का शव निकाला।

## त्यौहारी सीजन में राशन हितग्राहियों को राहत देने की तैयारी

# अगस्त-सितंबर का राशन एक साथ मिलेगा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

जिले के लाखों राशन हितग्राहियों के लिए राहत भरी खबर हैं। उन्हें अगस्त और सितंबर महीने का राशन एक साथ दिया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग के सूत्रों के अनुसार सभी उचित मूल्य दुकानों में 15 अगस्त तक भंडारण पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद 31 अगस्त तक पात्र परिवारों को दो महीने का राशन एक बार में दे दिया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के मोबाईल नो रिप्लाय के कारण उनका पक्ष सामने नहीं आ सका है।

अगस्त-सितंबर का राशन एक साथ मिलने से त्योहारों के सीजन में लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इससे लोगों को बार-बार दुकान के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और वितरण भी व्यवस्थित होगा। उज्जैन जिले में भी लाखों परिवार इस योजना का लाभ लेंगे।




#### डिजिटल होगा पूरा सिस्टम

सरकार अब सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल करने जा रही है। इसके लिए सबसे पहले सभी हितग्राहियों का आधार-राशन कार्ड सत्यापन, मोबाइल नंबर की पुष्टि और ई-केवाईसी कराई जाएगी। इसके बाद पात्र लोगों को पीएनबी डिजिटल रुपये ऐप से जोड़ा जाएगा। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अब राशन केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा यानी सीबीडीसी आधारित डिजिटल टोकन से मिलेगा। यानी नकद नहीं, सीधे वॉलेट में टोकन आएगा।

#### कैसे मिलेगा राशन

नई व्यवस्था में हितग्राहियों की मासिक पात्रता के हिसाब से डिजिटल टोकन सीधे उनके डिजिटल वॉलेट में भेजे जाएंगे। राशन लेने दुकान पहुंचने पर लाभार्थी को ऐप से दुकान पर लगे दफकोड को स्कैन करना होगा। डिजिटल सत्यापन पूरा होते ही मशीन से गेहूं, चावल और अन्य खाद्यान्न की निर्धारित मात्रा जारी हो जाएगी। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इससे फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगेगी और सब्सिडी का दुरुपयोग बंद होगा।

#### पहले भोपाल-इंदौर, फिर पूरा प्रदेश

इस नई डिजिटल टोकन व्यवस्था की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर भोपाल और इंदौर से होगी। सरकार का लक्ष्य है कि दिसंबर 2026 तक दोनों शहरों की सभी उचित मूल्य दुकानों पर यह सिस्टम लागू हो जाए। इसके बाद में इसे पूरे प्रदेश में बढ़ाया जाएगा। अधिकारियों ने साफ किया कि डिजिटल रुपये का उपयोग सिर्फ राशन खरीदने के लिए ही किया जा सकेगा। इसका इस्तेमाल कहीं और नहीं हो सकेगा।

# महाराजवाड़ा स्कूल के विद्यार्थियों से पुलिस ने किया संवाद

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

पुलिस और शिक्षा विभाग के साथ संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के सहयोगसे सृजन संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। गुरूवार को सामुदायिक पुलिसिंग और युवा सशक्तिकरण अभियान में शाउमावि महाराजवाड़ा क्रमांक-1 पुलिस लाइन नागझिरी में जागरूकता और संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एएसपी आलोक शर्मा, रक्षित निरीक्षक रणजीतसिंह निर्देशन सूबेदार स्वामी कामले, एसआई आरती डाबर ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें कानून, सुरक्षा एवं सामाजिक जिम्मेदारियों से संबंधित जानकारी दी गई। सूबेदार स्वामी कामले ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली संस्था नहीं है, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा, अधिकारों की रक्षा, समाज में जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर कार्य करती है। संवाद के दौरान विद्यार्थियों को कानून का सम्मान करने एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। एसआई आरती डाबर ने भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार, कर्तव्यों, नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं महिला-बाल सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। सृजन संवाद कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई।

# हिरासत में आया शोषण-ब्लैकमेलिंग का आरोपी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद विवाहित महिला को शादी का झांसा देकर शोषण करने और ब्लैकमेलिंग के आरोपी को पुलिस ने गुरूवार को हिरासत में ले लिया। लाखों के आभूषण लेने के बाद 40 हजार की मांग करने पर महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। आगररोड इंदिरानगर में रहने वाली महिला की 2022 में इंस्टाग्राम पर नागदा के प्रकाशनगर में रहने वाले दुर्गेश परमार से दोस्ती हुई थी। चाय की दुकान चलाने वाले दुर्गेश और महिला के बीच मामला प्यार में बदला और बात शादी तक पहुंच गई। दुर्गेश उज्जैन आया और महिला से संबंध बनाये। यहीं नहीं उसे घूमाने के बहाने खाटूश्याम भी ले गया। इस दौरान उसने महिला को झांसे में लेकर 5 लाख के आभूषण भी ले लिये और शादी से इंकार कर दिया। कुछ दिनों से दुर्गेश महिला पर 40 हजार रुपए देने का दबाव बना रहा था, नहीं देने पर पति को बताने और समाज में बदनाम करने की धमकी देने लगा था। शोषण के बाद ब्लैकमेल किये जाने से प्रताड़ित महिला ने चिमनगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज कर महिला का मेडिकल परीक्षण कराया। एसआई दिनेश भाट ने बताया कि आरोपी की मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर नागदा में दबिश दी गई और गुरूवार शाम उसे हिरासत में ले लिया गया। जिसे उज्जैन लाया गया है, उससे पूछताछ कर आभूषण बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जा सकता है।

## कैमरे में दिखा बदमाश, इंदौरगेट पर हुई वारदात

# कार का लॉक खोल बदमाश ने उड़ाया लाखों का बेग

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

रेलवे स्टेशन के पास इंदौरगेट पर जम्मू से आये श्रद्धालुओं की कार के गेट का लॉक खोलकर बदमाशों ने लाखों रुपए के सामान और नगद राशि से भरा बेग उड़ा दिया। वारदात के बाद बदमाश का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

बरेली के राजेन्द्रनगर में रहने वाली गीतांजली शर्मा ने बताया कि वह अपने गुरू साहिल शर्मा, बुआ सुशीला शर्मा और गोपाल शर्मा के साथ जम्मू से बाबा महाकाल के दर्शन करने आये थे। उन्होने इंदौरगेट स्थित द ग्रैंड गरुड़ होटल में रूम बुक किया और होटल के सामने कार पार्क की। सुबह 10.30 बजे महाकाल दर्शन करने मंदिर पहुंचे। जहां से दोपहर 12 बजे वापस लौटते तो कार में रखा सामान का बेग गायब था। किसी ने कार के गेट का लॉक खोलकर चोरी किया था।



गीतांजली ने बताया कि वह आईटी कंपनी में जॉब करती है। बेग में कंपनी का लेपटॉप, चार्जर, 1 लाख कीमत का सेमसंग मोबाइल, 15 हजार रुपए नगद, कीमती चोले, नये खरीदे गये जूते और कपड़ों के साथ दस्तावेज रखे थे। वारदात के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये तो एक बदमाश चाबी से कार का गेट खोलता दिखाई दिया। जिसने कार में बैठने के बाद नये जूते पहने और सामान से भरा बेग उठाया। करीब 5 से 7 मिनट में वह चोरी को अंजाम देकर निकल गया। घटनाक्रम सामने आने के बाद मामले की शिकायत महाकाल थाना पहुंचकर की गई। पुलिस ने शिकायती आवेदन लिया, लेकिन एफआईआर नहीं की। उन्होने काफी देर तक थाना प्रभारी गगन बादल का इंतजार भी किया लेकिन मीटिंग में होने की वजह से थाना प्रभारी से नहीं मिल पाये। मोबाइल पर बात करने उन्होने एफआईआर दर्ज कर भेजने की बात कहीं है। इधर पुलिस का कहना था कि फुटेज के आधार पर बदमाश का पता लगाया जा रहा है।

#### बेग टांग कर आया सूटकेस के साथ दिखा

सीसीटीवी कैमरे का फुटेज सामने आया पर पता चला कि बदमाश ने दिनदहाड़े व्यस्तम मार्ग पर बैखोफ होकर चोरी को अंजाम दिया। वह कंधे पर बेग टांग कर आया था, कार का गेट खोलने के बाद उसने कुछ सामान अपने बेग में रखा। वहीं जाते समय वह हाथ में सूटकेस और एक बेग भी लेकर जाता दिखाई दिया। बदमाश इंदौरगेट से हरिफाटक ब्रिज की ओर जाता दिखाई दिया है।

# हितग्राहियों से दुर्व्यवहार के मामले में दुकान निलंबित

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शासकीय उचित मूल्य दुकान रामवासा के राशन वितरण में अनियमितता, ई-केवाईसी प्रक्रिया में लापरवाही तथा राशन हितग्राहियों से दुर्व्यवहार की शिकायत पर खाद्य विभाग की अधिकारियों श्रीमती रश्मि खंबेटे एवं चंद्रशेखर बारोड द्वारा गहन जांच कर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय में समस्त पक्षों की सुनवाई के पश्चात सरस्वती स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान रामवासा की विक्रेता कविता सोलंकी पति संजय, निवासी मताना खुर्द को दोषी पाया गया। न्यायालय द्वारा गत दिवस को उक्त राशन दुकान को निलंबित कर दिया गया तथा विक्रेता की 5,000 रुपये प्रतिभूति राशि राजसात कर ली गई। दुकान निलंबन के उपरांत जनहित एवं हितग्राहियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रामवासा क्षेत्र के समस्त राशन हितग्राहियों को आलमपुर उड़ाना की शासकीय उचित मूल्य दुकान से संलग्न कर दिया गया है, ताकि नियमित राशन वितरण सुनिश्चित हो सके। उक्त जानकारी उज्जैन जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक चौधरी के द्वारा दी गई।

# रिमांड पर चाकू घोंपकर हत्या करने वाला आरोपी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सीने में चाकू घोंपकर हत्या करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पैसों के लेनदेन में हत्या करना सामने आया है, वहीं मामला युवती से भी जुड़ा हुआ है। पुलिस ने चाकू बरामद किया है।

नागदा थाना क्षेत्र के ईदगाह के पास किल्कीपुरा में बुधवार देर शाम जफर पिता मुन्ना शाह 20 साल निवासी गफ्फूर बस्ती की सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। थाना प्रभारी



अमृतलाल गवरी ने बताया कि मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। चाकू मारने वाला मृतक के मोहल्ले में रहने वाला शानू उर्फ शाहनवाज शाह पिता शकिल होना सामने आया। जिसकी गिरफ्तारी के लिये टीम गठित की गई और गुरूवार सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि मृतक और आरोपी के बीच 20 हजार का लेनदेन था, जिसको लेकर विवाद हुआ था। आरोपी को दोपहर में कोर्ट पेश किया गया और एक दिन की रिमांड पर लिया गया। हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया गया है। आरोपी पढ़ाई करने के साथ प्रायवेट जॉब करता है। जानकारी यह भी सामने आ रही है दोनों के बीच युवती को लेकर भी विवाद था, फिलहाल पुलिस उक्त मामले के संबंध में पूछताछ कर रही है। अब तक की पूछताछ में लेनदेन में हत्या करना सामने आया है।

# पासा फेंककर लगा रहे थे दांव, 1.20 लाख बरामद

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

किराये के गोदाम में फड़ लगाकर पासा फेंका जा रहा था और हार-जीत का दांव लगा रहे थे। क्राइम और पुलिस की टीम ने दबिश मारी तो फड़ से 1.20 लाख रुपए मिल गये। 7 जुआरियों को हिरासत में लिया गया। जिन्हे प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में गुरूवार को कोर्ट पेश किया गया।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के आनंद नगर में किराये पर लिये गये गोदाम में बल्ब की रोशनी में हार-जीत का दांव लगाने की खबर मिलने पर क्राइम ब्रांच की टीम ने नानाखेड़ा थाना पुलिस के साथ रात में दबिश मारी। जुआ पासे से खेला जा रहा था। पुलिस ने दबिश में 7 जुआरियों को हिरासत में लिया और फड़ से 1 लाख 20 हजार 270 रुपए पासे के साथ बरामद किये। जुआरियों को थाने लाया गया, जहां उनके नाम



धर्मेन्द्र पिता बाबूलाल वाडिया बागपुरा, प्रतीक पिता राजेश वाडिया हाथीपुरा, विजय पिता बाबूलाल बैरवा प्रकाश नगर, विकास पिता प्रकाश वाडिया हाथीपुरा, मनोज पिता सत्यनारायण गोमे प्रकाश नगर, सतीश पिता खेमचंद दासवान ओम साई ओम मल्टी अलखधाम और दिनेश पिता सुगनामल फूलवानी निवासी शहीद पार्क के पास सामने आये। एसआई राजाराम चौहान ने बताया कि दबिश में क्राइम टीम के साथ प्रधान आरक्षक हरिसिंह राठौर, दिग्विजयसिंह, आरक्षक सुनील दिनकर और आरक्षक सुरेंद्रसिंह शामिल थे। सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 में प्रकरण दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान सामने आया कि आनंदनगर में मनोज गोमे द्वारा किराये का गोदाम लिया गया था। उनका कहना था कि पहली बार फड़ लगाई गई थी। जुआ खेलने वालों में शामिल कुछ आरोपी पुराने जुआरी और सट्टा खाईवाला रह चुके है। जिन्हे कोर्ट में पेश किया गया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com